संबल संस्कार मीडिया

सी टाइम्स

महाकोशल - विंध्य का सर्वाधिक प्रसारित अखबार

epaper
www.seetimes.in
http://seetim.es/fb
http://seetim.es/tw
http://seetim.es/ins
http://seetim.es/tg

वर्ष : 25, अंक: 94 | जबलपुर,मंगलवार,21 मार्च, 2023 | पृष्ट: 8, मूल्य : 3 रूपए

आजादी की लड़ाई में एक ही खानदान का योगदान दर्शाया : सीएम शिवराज

हम भूल गए रानी लक्ष्मीबाई को, भूल गए वीर सावरकर को



नई दिल्ली एजेंसी। जबलपुर स्थित मनकेड़ी बरगी में रानी अंवतिबाई लोधी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यकम में सीएम शिवराजसिंह चौहान पहुंचे। सीएम श्री चौहान ने कहा कि जो पार्टी 50 वर्षो से राज कर रही थी, उसने यही दर्शायाा की आजादी की लड़ाई में एक ही खानदान का योगदान रहा। जबकि देश को अंग्रेजो से आजाद कराने में कई क्रांतिकारियों ने अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। उनमें एक रानी अंवतिबाई लोधी भी थी, जिन्होने अंग्रेजो से भारत को मुक्त कराने में अह्म भूमिका निभाई है।

सीएम शिवराजसिंह चौहान ने आगे कहा कि आजादी किसने दिलाई, क्या नेहरुजी ने दिलाई, इंदिरा गांधी ने दिलाई है। महात्मा गांधी जी ने योगदान को मैं अस्वीकार नहीं करता उनको तो बारम्बार प्रणाम करता हूं। आजादी दिलाने में हमारे कई क्रांतिकारी रहे, जिन्हे हम भूल गए। हम भूल गए राजा रघुनाथ शाह, शंकर शाह को, वीरागंना रानी अंवतिबाई, हम भूल गए, टंट्या मामा को, भीमा नायक हो, महारानी लक्ष्मीबाई को, भगतसिंह को, सुखदेव, राजगुरु को, तात्या टोपे को, हम भूल गए वीर सावरकर को, जिन्होने देश को आजाद कराने में अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। उन्होने कहा कि आज यही बात मेरे मन को पीड़ा पहुंचाती है।

आजादी के लिए हजारों क्रांतिकारी हंसते हंसते शहीद हो गए। उनके त्याग, तपस्या के कारण ही देश को आजादी मिली है। रघुनाथ शाह, शंकर शाह जिन्होने देश को आजाद कराने में अंग्रेजों से लोहा लिया, उन्हे तोप में बांधकर उड़ा दिया गया, ऐसे महान शहीदों को भुला दिया गया। उन्होने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दूंगा कि ऐसे सारे शहीदों के अब स्मारक बनाए जा रहे है। हमने छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी का नाम राजा रघुनाथ शाह-शंकर शाह के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। इस मौके पर विधायक व लोधी समाज के अध्यक्ष जालमसिंह पटैल, पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, गौ-संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश्वरानंद, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आबकारी नीति घोटाला : सीबीआई मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन अप्रैल तक बढ़ाई गई



नई दिल्ली एजेंसी। दिल्ली आबकारी नीति केस में राजधानी की एक अदालत ने सोमवार को सीबीआई वाले मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। अदालत ने 17 मार्च को इसी मामले में सिसोदिया की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 22 मार्च तक बढ़ा दी थी। सीबीआई द्वारा सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने भी उन्हें इसी मामले में नौ मार्च को गिरफ्तार किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने छह मार्च को सिसोदिया को सीबीआई मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसकी अवधि सोमवार को समाप्त हो गई। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

अदालत मंगलवार को सिसोदिया की जमानत अर्जी पर भी सुनवाई करेगी, इसी मामले में सीबीआई जांच कर रही है। ईडी मामले में पिछली सुनवाई के दौरान ईडी द्वारा अदालत को अवगत कराया गया था कि सिसोदिया की हिरासत के दौरान अहम जानकारियां सामने आई हैं और उन्हें अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ आमना-सामना करना पड़ा था।

जांच एजेंसी ने अदालत को सूचित किया था कि सिसोदिया के ईमेल और मोबाइल आदि से भारी मात्रा में डेटा का भी फोरेंसिक विश्लेषण किया जा रहा है। सिसोदिया के वकील ने केंद्रीय एजेंसी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अपराध की आय के बारे में एजेंसी की ओर से कोई कानाफूसी नहीं है, जो मामले के लिए मौलिक है। उनके वकील ने आगे तर्क दिया था कि हिरासत को बढ़ाने की मांग करने का कोई औचित्य नहीं है और सिसोदिया को सात दिनों की उनकी पिछली हिरासत के दौरान केवल चार लोगों के साथ आमना-सामना कराया गया था। ईडी ने कहा था कि उन्हें कार्यप्रणाली, पूरे घोटाले का पता लगाने और कुछ अन्य लोगों के साथ सिसोदिया का सामना करने की जरूरत है।

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने दावा किया कि सिसोदिया मनी लॉन्ड्रिंग नेक्सस का हिस्सा थे। हुसैन ने प्रस्तुत किया था कि नीति यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई थी कि कुछ निजी संस्थाओं को भारी लाभ मिले और दिल्ली में 30 प्रतिशत शराब कारोबार संचालित करने के लिए सबसे बड़े काटेलों में से एक बनाया गया था।

मप्र में आज कांग्रेस मना रही गददार दिवस

भोपाल एजेंसी। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की कमल नाथ के नेतृत्व वाली सरकार 20 मार्च 2020 को गिर गई थी, क्योंकि पार्टी के ही कुछ विधायकों ने बगावत की थी। कांग्रेस इस घटना को राजनीतिक इतिहास का काला दिन बता रही है और इसे गद्दार दिवस के तौर पर मना रही है। वहीं आगामी 23 मार्च से लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनाने का ऐलान किया है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा का कहना है कि ÷20 मार्च, 2020 को मध्यप्रदेश के राजनीतिक इतिहास में दूसरी बार काला अध्याय जोड़ा गया। 1967 में पं द्वारका प्रसाद मिश्र के बाद 2020 में कतिपय बिकाऊ गद्दारों का सहयोग लेकर भाजपा ने कमल नाथ की लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर लोकतंत्र की हत्या का इतिहास रचा। आज भी वही दिन है। लिहाजा, कांग्रेस इस अशुभ और कलंकित दिन को गद्दार - दिवस के रूप में मना रही है।

उन्होंने आगे कहा, लोकतांत्रिक दुष्कर्म के दुष्कर्मियों को राजनीतिक फांसी देने का समय अब वर्ष-2023 में आ गया है। सर्वविदित है कि प्रदेश की शिवराज सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हो चुकी है। युवाओं और बेरोजगारों को सिर पर लाठी मारती, लाडली बहनों की साड़ी खींचती, दलितों को जंजीरों में बांधती, आदिवासियों को जमीनों में गाड़ती, पिछड़ों के आरक्षण के प्रतिवेदनों को फाड़ती, विभिन्न किस्म के माफियाओं की करती हुई आरती -- शिवराज सरकार की भ्रष्ट योजनाओं तथा अनैतिक राजनीतिक चरित्र का पदार्फाश हो चुका है।

कांग्रेस का आरोप है कि मध्य प्रदेश में आर्थिक आपातकाल लग चुका है, प्रदेश 3.80 लाख करोड़ के कर्ज के बोझ के तले दब चुका है यानि प्रदेश में पैदा होने वाला हर बच्चा 50 हजार रु. कर्ज का बोझ लेकर जन्म ले रहा है। राज्य सरकार ने महज 55 दिनों में 20 हजार करोड़ का कर्ज लिया। बावजूद इसके हमारे घोषणावीर मुख्यमंत्री घोषणाएं ऐसी कर रहे हैं जैसे कुबेर का खजाना इनकी ही जेब में है। कांग्रेस की मांग है कि प्रदेश की आर्थिक बदहाली और कर्ज की लांघती हुई सीमा पर राज्य सरकार श्वेत-पत्र जारी करे। उन्होंने आगे कहा, प्रदेश की इन असहनीय स्थितियों को लेकर कांग्रेस आगामी 23 से 29 मार्च तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनाएगी। प्रतिदिन पार्टी के वरिष्ठ नेता जिलों व शहरों में प्रेस वार्ता लेकर शिवराज सरकार की जनविरोधी नीतियों, झूठी घोषणाओं, कभी न पूरे होने वाले शिलान्यासों के फरेब से आमजन को अवगत कराएंगे।

हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित



नई दिल्ली एजेंसी। राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण सोमवार को लगातार छठे दिन शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका तथा सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

भोजनावकाश के उपरांत उप सभापति हरिवंश ने सदन की कार्यवाही शुरु कराने का प्रयास किया तो विपक्षी दलों के सदस्य जोर-जोर से नारेबाजी करते हुए शोर गुल करने लगे। इसके जवाब में सत्तापक्ष के सदस्य भी अपनी सीटों से आगे आ गये और जोर-जोर से बोलने लगे। उप सभापति ने दोनों पक्षों के सदस्यों से शांत होने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद महज दो मिनट के भीतर ही उन्होंने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

इससे पहले सुबह में कार्यवाही शुरू होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन पटल पर रखे जाने के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें विभिन्न सदस्यों से नियम 267 के अंतर्गत 22 नोटिस मिले हैं। अदानी समूह की कंपनियों के मामले से संबंधित ये नोटिस कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, कुमार केतकर, रंजीता रंजन और केसी वेणुगोपाल आदि ने दिये हैं। इसके साथ ही वामपंथी सदस्यों ने भी इसी से मिलते जुलते मुद्दे पर नोटिस दिये हैं। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने भी नोटिस दिया है।

उन्होंने कहा कि ये सभी नोटिस नियमों के अनुरूप नहीं होने के कारण खारिज किए जाते हैं। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के सुखेन्द्र शेखर राय और डेरेक ओ ब्रायन ने कुछ कहा जिसे सुना नहीं जा सका। बाद में विपक्षी दलों के सदस्य नारे लगाते हुए सभापति के आसन की ओर बढ़ने लगे। स्थिति को देखते हुए सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी।

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण पिछले सोमवार से शुरू हुआ था और अभी तक हिंडेनबर्ग रिपोर्ट और विदेशों में भारतीय लोकतंत्र का अपमान करने के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में टकराव बना हुआ है, जिसके कारण पिछले सप्ताह किसी भी दिन शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चल सका तथा कोई भी अन्य कामकाज नहीं हो सका। इस सप्ताह के पहले दिन भी स्थिति लगभग वैसी ही बनी हुई दिख रही है।

भारत-जापान ने 8 करार दस्तावेजों पर किये हस्ताक्षर



नई दिल्ली एजेंसी। भारत एवं जापान ने वैश्विक उथल-पुथल के बीच दुनिया में टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थापना एवं स्थायित्व के लिए आर्थिक और तकनीकी सहयोग बढ़ाने के इरादे के साथ आपसी सहयोग के आठ करार दस्तावेजों पर सोमवार को हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के साथ यहां हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक में ये फैसले लिए गये। जापान के प्रधानमंत्री ने श्री मोदी को मई में जी 7 के शिखर-सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया, वहीं श्री मोदी ने सितंबर में जी 20 के शिखर सम्मेलन में श्री किशिदा की पुन: मेजबानी करने की अपेक्षा की।

श्री मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा कि पिछले एक वर्ष में प्रधानमंत्री किशिदा और उनकी कई बार मुलाकात हुईहै, और हर बार भारत-जापान संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मकता और प्रतिबद्धता को महसूस किया है। इसलिए आज की उनकी यात्रा हमारे आपसी सहयोग की गति बनाए रखने के लिए बहुत उपयोगी रहेगी।

श्री मोदी ने कहा, इस साल भारत जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है, और जापान जी 7 की। और इसलिए, अपनी अपनी प्राथमिकताओं और हितों पर साथ मिलकर काम करने का यह उत्तम अवसर है। उन्होंने आज प्रधानमंत्री किशिदा को भारत की जी 20 अध्यक्षता की प्राथमिकताओं के बारे में विस्तार से बताया। हमारी जी 20 अध्यक्षता का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आवा? देना है। ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ को मानने वाली संस्कृति सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है, और इसीलिए हमने यह पहल ली है। श्री मोदी ने कहा,÷ भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी हमारे साझा लोकतान्त्रिक मूल्यों, और अंतर-राष्ट्रीय पटल पर कानून के शासन के सम्मान पर आधारित है। इस साझेदारी को मजबूत बनाना, हमारे दोनों देशों के लिए तो महत्वपूर्ण है ही, इससे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शान्ति, समृद्धि और स्थिरता को भी ब?ावा मिलता है। आज हमारी बातचीत में, हमने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने रक्षा उपकरण और तकनीकी सहयोग, व्यापार, स्वास्थ्य, और डिजिटल साझीदारी पर विचारों का आदान-प्रदान किया। सेमीकन्डक्टर और अन्य महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी में विश्वस्त आपूर्ति श्रृंखला के महत्व पर भी हमारे बीच सार्थक चर्चा हुई। पिछले साल, हमने अगले पांच वर्षों में भारत में पांच ट्रिलियन येन, यानी तीन लाख 29 हजार करोड़ रुपए, के जापानी निवेश का लक्ष्य तय किया था। यह संतोष का विषय है, कि इस दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में, हमने भारत जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मक साझेदारी की स्थापना की थी। इसके अंतर्गत, हम लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, लघु एवं मध्यम उद्योग, कपड़ा उद्योग, मशीनरी और इस्पात जैसे क्षेत्रों में भारतीय इंडस्ट्री की प्रतिस्पर्धात्मकता ब?ा रहे हैं। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल पर भी हम तेजी से आगे ब? रहे हैं। मुझे इस बात की भी खुशी है कि हम 2023 को टूरिज्म एक्सचेंज वर्ष के रूप में मना रहे हैं, और इसके लिए हमने हिमालय एवं मांउट फूजी संपर्क नाम का थीम चुना है।

श्री मोदी ने कहा, ÷आज प्रधानमंत्री किशिदा ने मुझे मई महीने में हिरोशिमा मे होने वाली जी 7 लीडर्स समिट के लिए निमंत्रण दिया। इसके लिए मैं उनका हृदय से धन्यवाद करता हूँ। इसके कुछ महीनों बाद सितम्बर में जी 20 लीडर्स समिट के लिए मुझे प्रधानमंत्री किशिदा का फिर से भारत में स्वागत करने का अवसर मिलेगा। हमारी कामना है कि बातचीत और संपर्कों का यह सिलसिला इसी प्रकार चलता रहे, और भारत-जापान संबंध लगातार नई ऊंचाइयों को छूते रहें। ÷

कांग्रेस ने टीपू की मौत पर नया इतिहास गढ़ने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना की



बेलागवी एजेंसी। कर्नाटक कांग्रेस ने सोमवार को सत्तारूढ़ भाजपा नेताओं पर नए ऐतिहासिक चरित्र उरी गौड़ा और नन्जे गौड़ा बनाने और यह प्रचार करने के लिए हमला किया कि उन्होंने मैसूर के पूर्व शासक टीपू सुल्तान की हत्या कर दी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, भाजपा विधायक, राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि और उच्च शिक्षा, आईटी और बीटी मंत्री डॉ. सी.एन. अश्वथ नारायण।नया इतिहास रच रहे हैं।

शिवकुमार ने कहा, उरी गौड़ा और नन्जे गौड़ा के चरित्र नए बनाए गए हैं और जाति का रंग दिया गया है। वे इतिहास को विकृत कर रहे हैं जो गलत है। मैं इसकी निंदा करता हूं। मैं निर्मलानंदनाथ स्वामीजी (वोक्कालिगा पोंटिफ) से विरोध करने और बैठक बुलाने का आग्रह करता हूं। लोगों को समाज में जहर के बीज बोने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। भाजपा द्वारा व्हाट्सएप विश्वविद्यालय में इतिहास लिखने के कृत्य की निंदा की जानी चाहिए। भगवा दल द्वारा समाज में फूट डालने की कोशिशों को रोका जाना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि इस दिशा में निर्मलंदनाथ स्वामीजी को एक सभा बुलानी चाहिए। शिवकुमार ने कहा कि बैठक समझौते के लिए नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विरोध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उरी गौड़ा और नानजे गौड़ा के पात्रों का निर्माण करके, वोक्कालिगा समुदाय का अपमान किया गया है। उन लोगों पर मामला दर्ज होना चाहिए, जो शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं।

पाकिस्तान की सीआईआई ने ट्रांसजेंडर समुदाय में गुरु संस्कृति को शोषण, नव-गुलामी बताया




नई दिल्ली एजेंसी। पाकिस्तान काउंसिल ऑफ इस्लामिक आइडियोलॉजी (सीआईआई) ने ट्रांसजेंडर समुदाय में गुरु संस्कृति की आलोचना की है और इसे शोषण और नव-गुलामी का घातक रूप करार दिया है। सीआईआई के अध्यक्ष किबला अयाज ने एक बयान में कहा, ÷गुरु संस्कृति मानवाधिकारों के खिलाफ है और इसे नोन-बाइनरी लिंग के लोगों के लिए बनाए जाने वाले किसी अधिनियम या नियमों का हिस्सा नहीं होना चाहिए।÷

उन्होंने कहा, ÷मैं माता-पिता से अपने नोन-बाइनरी लिंग वाले बच्चों का स्वामित्व लेने का आग्रह करता हूं। सरकार को इन लोगों को सामाजिक पटल की मुख्यधारा में लाने के लिए पुनर्वास केंद्र भी स्थापित करने चाहिए।÷उन्होंने आगे कहा, ÷स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस बात की पुष्टि की है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के आलोक में नोन-बइनरी लिंग वाले लोगों का बचपन सहित जीवन के हर चरण में ऑपरेटिड किया जा सकता है, या वयस्कता, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के आलोक में, उन्हें कुछ मामलों को छोड़कर समाज के सामान्य और उत्पादक नागरिकों में परिवर्तित किया जा सकता है।

एक ट्रांसजेंडर की पहचान और तीसरे लिंग के रूप में मान्यता की मांगों का उल्लेख करते हुए, अयाज ने कहा कि इस्लाम के परिप्रेक्ष्य में स्व-कथित पहचान, शरिया की शिक्षाओं के विपरीत थी और यह भविष्य में कई अप्रत्याशित मुद्दों का स्रोत हो सकती है।%उन्होंने कहा, ÷स्व-कथित पहचान के प्रावधान को किसी भी अधिनियम या नियमों से निरस्त किया जाना चाहिए।÷अयाज ने %ट्रांसजेंडर% शब्द का भी विरोध किया, जिसमें कहा गया था कि इस शब्द को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (संरक्षण के अधिकार) नियमों में गलत तरीके से परिभाषित किया गया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि इसमें उन लोगों को शामिल किया गया है जो उनकी श्रेणी में नहीं आते हैं।

हाईस्कूल परीक्षा का विज्ञान विषय का पेपर लीक



दमोह एजेंसी। मध्यप्रदेश के दमोह जिले के तेंदूखेड़ा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल सेलवाड़ा में आज सुबह विज्ञान विषय के पेपर के वायरल हो जाने के चलते तत्काल ही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर जहां कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं इस मामले में एसडीएम एवं पुलिस से जांच कराई जा रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिले के तेंदूखेड़ा तहसील के शासकीय हाई स्कूल सेलवाड़ा में आज विज्ञान विषय का पेपर था। इस पेपर के पेज की फोटो सुबह 8-47 पर वायरल हो गयी। इस बात की जानकारी जैसे ही भोपाल के माध्यम से कलेक्टर को लगी तो उन्होंने तत्काल ही इस मामले में एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए स्वयं स्कूल, पुलिस अधीक्षक के साथ पहुंचे और प्रारंभिक जांच प्रारंभ की।

इस संबंध में कलेक्टर एस कृष्ण चेन्त्य ने बताया कि यह पेपर आउट होने का मामला नहीं है। यह सिर्फ फोटो वायरल किए जाने और गोपनीयता भंग किए जाने का मामला है। क्योंकि लगभग सभी छात्र छात्राएं साढे आठ बजे केंद्र के अंदर पहुंच चुके होते हैं और यह फिजिक्स के पेपर का की फोटो 8-47 बजे पर वायरल हुई। जबकि सभी छात्र-छात्राएं शाला के अंदर केंद्र में पहुंच चुके होते हैं। इस कारण से इसका किसी को लाभ मिलना संभव ही नहीं है, लेकिन इसके बाद भी इस प्रकार की घटना होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण मानी जा रही है।

इस संबंध में संपूर्ण मामले में जो फोटो वायरल करने वाला भृत्य छोटू रजक पाया गया है। उसके विरुद्ध बर्खास्त करने के साथ-साथ अपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं उन्होंने बताया कि केंद्र अध्यक्ष ,सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं शिक्षकों सहित पुलिस थाना से स्कूल तक लाने वाले पेपर ड्यूटी में तैनात पटवारी के विरुद्ध भी निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। सभी को निलंबन किया जाएगा और जांच के उपरांत इनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

वहीं पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह का कहना है कि इस मामले में पुलिस को जांच के निर्देश किए दिए गए हैं। पुलिस इस मामले में बिंदु बार जांच कर रही है और इसमें जो भी दोषी होगा। उसमें उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ईडी ने कॉसमॉस बैंक ऋण धोखाधड़ी में 47.1 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की



नई दिल्ली एजेंसी। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए अधिनियम के प्रावधानों के तहत रोजरी एजुकेशन ग्रुप और उसके भागीदारों विनय अरन्हा और विवेक अरन्हा की 47.1 करोड़ रुपये की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी ने पुणे पुलिस द्वारा कॉसमॉस बैंक के शिवाजी विट्ठल काले की शिकायत पर विनय अरन्हा और विवेक एंथनी अरन्हा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच शुरू की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने संपत्ति के फर्जी ईडी ने कहा कि इसकी जांच से पता चला है कि आरोपियों ने 2013-14 में कॉसमॉस कोऑपरेटिव बैंक पुणे से कार लोन सहित कई लोन्स प्राप्त किए थे, बंधक के लिए गढ़े हुए संपत्ति के दस्तावेज जमा करके और लोन प्राप्त करने के लिए इनका अत्यधिक मूल्यांकन किया था, जिसके लिए वे अन्यथा अयोग्य थे। विनय अरन्हा ने फर्जी कार्य चालान (रोजरी स्कूलों के नवीनीकरण की आड़ में) प्रस्तुत किया और फर्जी विक्रेताओं को ऋण वितरित किया, जिसे तुरंत नकद में वापस ले लिया गया और उसे वापस कर दिया गया। ईडी ने कहा कि उन्होंने फंड ट्रेल जांच भी की और पाया कि विनय अरन्हा ने ऋणों को डायवर्ट किया और करोड़ों रुपये नकद प्राप्त किए। उन्होंने पैरामाउंट इंफ्रास्ट्रक्च , शब्बीर पाटनवाला, अश्विन कामत, दीप्ति एंटरप्राइजेज और अन्य को 34 करोड़ रुपये की ऋण राशि वितरित की।

मेन-सरकारी अस्पताल में बाहरी व्यक्ति ने चढ़ाई मरीज को ग्लूकोज की बॉटल

भर्ती मरीजों की जान के साथ हो रहा खिलवाड़

पाटन

भगवान के बाद अक्सर लोग डॉक्टर को ही भगवान का दर्जा देकर अपने मरीज को उनके हवाले कर देते है। लेकिन जबलपुर जिले की पाटन तहसील की सरकारी अस्पताल में पदस्थ बीएमओ को राजनैतिक संरक्षण मिलने की वजह से ग्रामीण इलाकों से अपना इलाज कराने आने वाले मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक 17 मार्च को शाम के वक्त पाटन के सरकारी अस्पताल में बेड न 5 में भर्ती महिला मरीज को ग्लूकोस की बाटल लगना थी। जबलपुर से आई नर्सिंग कॉलेज की ट्रेनिंग वाली छात्राएं बहुत देर तक मरीज के साथ ग्लूकोस की बाटल लगाने आईवी सेट नहीं लगा पाई, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया नर्सिंग की ट्रेनिंग करने वाली छात्रा को मरीज की नस नहीं मिल रही थी वहीं ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वार्ड से नदारद दिखे। वार्ड में काफी भीड़ जमा हो गई थी तभी अचानक एक युवक बाहर से आया एवं बिना अनुमति के उक्त महिला को निडिल लगा कर ग्लूकोस की बाटल चढ़ा दी। जबकि ग्लूकोज चढ़ाने एवं इंजेक्शन लगाने का अधिकार एमबीबीएस डॉक्टर या रजिस्टर स्टाफ नर्स को होता है।

बीएमओ को भेजी थी जानकारी

इस मामले का विडियो एवं तस्वीर बीएमओ के व्हाट्स न पर भेजा गया। लेकिन डॉक्टर ने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा। वहीं 18 मार्च को जब हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में पूछताछ की गई तो ड्यूटी पर तैनात लेडी डॉक्टर ने बताया यह हमारे स्टाफ का बंदा नहीं है हम को नहीं पता यह कौन है। इसके पहले भी अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड मरीजों का इलाज करते देखे जा चुके हैं। बीएमओ डॉक्टर आदर्श विश्नोई के द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाकर भर्ती मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। और यह सिलसिला विगत 6 वर्ष से यूंही चल रहा है।

बिना टिकिट यात्रियों से वसूला लाखों का जुर्माना

जबलपुर,। जबलपुर रेल द्वारा बिना टिकिट यात्रा करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के मुताबिक टिकिट निरीक्षको ने मुंबई मेलए महानगरी, जनता एक्सप्रेस, इंटर सिटी, पूना एक्सप्रेस सहित एक दर्जन यात्री गाडियों में सघन टिकिट जाँच अभियान चलाया। इस अभियान में 120 यात्री बिना टिकिट का यात्रा करते हुए पकडे गए। जिस पर उनसे एक लाख 2 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। जो कि उनके द्वारा की जा रही यात्रा के स्थान से अगले स्टेशन के टिकिट का दोगुना किराया और पेनाल्टी सहित वसूल किया गया। इसी तरह 152 यात्री अनियमित टिकिट अथार्त दूसरे यात्री के नाम की टिकट पर और निम्न श्रेणी से उच्च श्रेणी में यात्रा करते हुए पकडे गए। ऐसे यात्रियों से एक लाख 18 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इस तरह कुल 272 यात्रियों को पकड कर उनसे दो लाख 18 हजार रूपये से अधिक राशि वसूल की गई हैं।

एलएनसीटी विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने किया सशस्त्र सीमा बल अकादमी का भ्रमण



भोपाल

कोलर रोड एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडेटस द्वारा भारत कि नेपाल तथा भूटान से लगी सीमाओं की रक्षा करने में सदैव तत्पर रहने वाले सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल का अवलोकन एलएनसीटी विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया । इस दौरान कैडेट्स ने अकादमी में प्रशासन एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारी हासिल की ।

एसएसबी अकादमी के कमांडेंट श्री दीपक कुमार जो स्वयं एनसीसी कैडेट रह चुके हैं उनके निर्देशानुसार कैडेट्स ने प्रशासनिक भवन, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, नेविगेशन, विभिन्न प्रकार के हथियार जैसे एके-47, कार्बाइन, इंसास, ग्रेनेड लॉन्चर, स्नाइपर राइफल, एलएमजी, एमएमजी तथा मोटार का अवलोकन किया साथ ही नाकेबंदी, घात लगाना, गश्त, हमला तथा रेड के अलावा गुरिल्ला युद्ध नीति के तरीकों को समझा । एसएसबी अकादमी द्वारा कमांडो ट्रेनिंग की कार्यवाही तथा आतंकवादी एवं नक्सलवादी हमलो से बचाव के तरीकों के पहलुओं को समझा ।

एसएसबी अकादमी के कमांडेंट श्री दीपक कुमार ने अपने उद्बोधन में एनसीसी कैडेट्स को अर्धसैनिक बलों के रूप में अपनी विभिन्न जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से विवरण दिया तथा कैरियर के रूप में इसमें शामिल होने हेतु आवाहन किया ।

कमांडेंट ने सेना के अग्निवीर कार्यकाल के बाद अर्धसैनिक बलों में शामिल होने का आवाहन किया । यह दौरा एलएनसीटी विश्वविद्यालय प्रबंधन, एनसीसी बटालियन और एसएसबी अकादमी की अनुमति से तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पीयूष नेमा के निर्देशन में संपन्न हुआ । एनसीसी केयरटेकर डॉ सुवर्णा सावरकर सहित एनसीसी आर्मी तथा नेवल विंग के कैडेट्स इससे लाभान्वित हुए ।

तीन दिनों के लिए अवकाश पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार

शासकीय ग्रुपों से हुए लेफ्ट, लौटाएं शासकीय वाहन

जबलपुर

तहसीलदार और नायब तहसीलदार आज से 3 दिनों के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। इससे पहले रविवार रात में ही वे सरकारी वॉट्सएप ग्रुप लेफ्ट हो गए और गाडियां भी लौटा दी थी। उनके छुट्टी पर जाने से जनता से जुड़े कई कामों पर असर पड़ेगा। इसके अलावा अपना डिजिटल साइन का डोंगल भी रात 9 बजे तक वापस अपने पास जमा कर लया।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश में तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर और नायब तहसीलदारों को तहसीलदार बनाने का मुद्दा फ रवरी से ही गरमाया हुआ है। वे चाहते हैं कि कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदार को लेकर आदेश यानी सामान्य प्रशासन विभाग ही निकाले, ताकि जिलों में उन्हें पदोन्नति उसी तहसील पर मिले जो की गई है। इससे प्रभार के संबंध में दुविधा या दुरुपयोग नहीं होगा और अफ सरों के सम्मान को ठेस भी नहीं पहुंचेगी। हालांकि, अब तक लिस्ट जारी नहीं हुई है, इसलिए उन्होंने सामूहिक अवकाश पर जाने का मन बनाया है।

ये यह उनकी मांगें

प्रमोशन, नायब तहसीलदारों को राजपत्रित घोषित करने और राजस्व अधिकारियों की ग्रेड-पे एवं वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांगें हैं। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि मांगों को लेकर लंबे समय से मांग कर रहे हैं। लेकिन वह नहीं की गई। जिसके चलते उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को उन्होंने काली पट्टी बांधकर काम किया था।

सीनियरों को उच्च प्रभार दिए जाने का प्लान

जानकारी के मुताबिक मप्र सरकार लगभग करीब सीनियर तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर बनाने जा रही है। ये तहसीलदार पिछले 7 साल से प्रमोशन का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 1999 से 2008 के बीच के तहसीलदार इस क्राइटेरिया में आ रहे हैं। जिनकी विभागीय जांच चल रही हैए वे डिप्टी कलेक्टर नहीं बन पाएंगे। इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर भी अधिकारी सामूहिक छुट्टी पर चले गए हैं।

शातिर चोर को पुलिस ने दबोचा

जबलपुर, । थाना रांझी में 49 वर्षीय अब्दुल कादिर निवासी अमखेरा गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह बडा पत्थर कलारी में सेल्समेन का काम करता है। बीते दिन वह अपनी मोटर सायकिल स्प्लेण्डर को कलारी के सामने खडे करके काम कर रहा था। काम करने के उपरांत उसने जब मोटर सायकिल देखी तो जहॉ उसने मोटर सायकिल खडी की थी वहॉ से मोटर सायकिल गायब थीए आसपास तलाश किया नहीं मिली थी। पुलिस ने इस मामले की जांच की सीसीटीव्ही फु टेज से आरोपियों का पता चला। जिसमें रक्षा नगर कालोनी निवासी सोनू गुप्ता जो कि आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है एक मोटर सायकिल ले जाते देखा गया है। पूछताछ करने पर सोनू गुप्ता ने कलारी के सामने से मोटर सायकिल चुराना स्वीकार करते हुये चुराई हुई मोटर सायकिल अपने घर में छिपाकर रखना बताया आरोपी की निशादेही पर चुराई हुई मोटर सायकिल जप्त करते हुये आरोपी की प्रकरण में विधिवत गिरफ्तारी की जा रही है।

चोरी की रेत ले जाते पुलिस ने किया गिरफ्तार

जबलपुर, । अवैध तरीके से रेत का परिवहन करते एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ग्वारीघाट भुमेश्वरी चौहान के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि 407 लोडिंग वाहन का चालक कृष्णा केवट अवैध रूप से वाहन में रेत लोड कर पोलीपाथर तरफ जा रहा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां पर 407 वाहन के चालक कृष्णा केवट को वाहन रोकने के लिये कहा गया जो वाहन न रोकते हुये सफेद कुआ के पास रोड किनारे रेत खाली करने लगा जिसे रेत खाली करने से रोकाए वाहन चालक कृष्णा केवट से रेत परिवहन के संबंध में पूछताछ करने पर उपरोक्त वाहन शरद यादव निवासी रेतनाका कंचनपुर के नाम पर होना एवं स्वयं चलाना बताया। आरोपी ने बताया कि वह ललपुर नर्मदा नदी के किनारे से चोरी की रेत लोड कर अजय केवट के निर्माणाधीन मकान के सामने रेत खाली करने के लिये ले जा रहा था।

मंदिर की दानपेटी से रूपए चुराने वालों को पुलिस ने दबोचा

जबलपुर,। रांझी स्थित एक मंदिर की दानपेटी से पैसे चुराने वाले 3चोरों में से एक चोर को गिरफ्तार किया है। जिनमें से दो आरोपी आपस में भाइ है। तीनों चोरों ने दान पेटी से करीब 15 हजार रूपए पार कर दिए थे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा हैं। एएसआई राजेश मिश्रा के मुताबिक 12 मार्च को रांझी सर्रा पीपल के हनुमान मंदिर में दान पेटी तोड़कर पैसे चुराने का मामला सामने आया था। जिसकी शिकायत मंदिर के पुजारी ललित मिश्रा ने की थी। सारी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुजारी ने बताया था कि मंदिर परिसर में लगी दानपेटी का ताला साल में एक बार खुलता है। वहीं तीन चोरों के द्वारा मंदिर परिसर में लगे दानपेटी का ताला तोड़ पैसे चुरा लिए गए थे। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन संदेशों की तलाश की जा रही थी।

9रूपयों से पी शराब

पुलिस ने एक आरोपी को सर्रापीपल के पास दबोच लिया गया। जिसमें साहिल उर्फ कार्तिक गोटिया उम्र 19 वर्ष अपने छोटे भाई राजू गोटिया और सनी जांगड़े के साथ मिलकर दान पेटी से ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। चोरों ने दान पेटी के पैसों से मिलकर शराब पी ली वहीं कुछ चिल्लर पैसे घर में छुपा दिए थे। फिलहाल साहिल गोटिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन राजू गोंटिया और सनी जांगड़े फ रार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

नगर निगम में एआईसी की बैठक आज

जबलपुर, । आज नगर निगम में एआईसी बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में अमृत योजना पर मंथन, जलापूर्ति बेहतर बनाने एंव नगर निगम कर्मचारियों को छटवें वेतनमान के हिसाब से नौ प्रतिशत महंगाई भत्ते पर चर्चाए होंगी। मेयर इन कॉउंसिल की बैठक दोपहर चार बजे से निगम के महापौर कक्ष में रखी गई है।

आत्महत्या से पहले युवक ने बनाया था वीडियो

गौर चौकी का मामला, जंगल में लगाई थी फांसी

जबलपुर,। तीन दिन पहले जंगल में फ ांसी लगाकर जान देने वाले युवक के कुछ वीडियो और एक लेटर पुलिस को मिला है। उसने वीडियो और सुसाइड नोट में मौत का जिम्मेदार अपनी प्रेमिका को ठहराया है। जानकारी के मुताबिक गौर चौकी स्थित 16 मार्च की रात जंगल में पेड से फं दे पर लटका शव मिला था। शिनाख्त नीम खेड़ा के आशीष अहिरवार के रूप में हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी थी। जिसपर पता चला कि सुसाइड से पहले युवक ने एक वीडियो बनाया था। साथ में एक लेटर भी छोड़ा था। जिसमें बताया गया था कि वह प्राइवेट फ इनेंस कंपनी में जॉब करता था। इसमें उसने लिखा था कि मैं आशीष अहिरवार नीम खेड़ा का रहने वाला हूं। मैंने एक लड़की से प्यार किया। उसने मुझे अपने प्यार में फं साकर लाखों रुपए लूट लिए। मेरी मौत का जिम्मेदार युवती और उसका भाई है। वह रांझी बड़ा पत्थर मरघटाई के नजदीक रहती है। कानून से चाहता हूं कि उसे कड़ी सजा मिले। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कैंट विधायक से नाराज बीजेपी कार्यकर्ता ने किया प्रेस कॉन्फेंस और लगाया बीजेपी विधायक अशोक रोहाणी पर आरोप...

आज एक बीजेपी मित्र मंडल के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें 24000 मतदाताओं के जो नाम काटे गए थे उसमें बीजेपी कार्यकर्ताओं ने निशांत शर्मा ने बताया कि कैंट विधायक के ढीले और दूरस्थ रवैया से यह नाम कटे गए हैं अगर कैंट विधायक ने सिंधी समाज का विकास किया है, कैंट क्षेत्र की जनता का विकास नहीं किया नाही रोजगार दिया नाही कंट का विकास किया... कैंट क्षेत्र की जनता का विकास करते तो आज इन इन सभी मतदाताओं का नाम कैंट की वोटर लिस्ट में जोड़ता .....इस की लड़ाई कांग्रेस लगातार पिछले कई वर्षों से लड़ती हुई आ रही है पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे के द्वारा सदर की जनता के साथ कैंट का घेराव क्षेत्रीय जनता के साथ किया गया ...उसके बाद रक्षा मंत्रालय के ईमेल के द्वारा अवगत कराया गया और पूरे छावनी में इसकी चिंगारी लग गई जिसके बाद रक्षा मंत्रालय ने आदेश किया कि पहले 24000 मतदाताओं के नाम काटे गए उसके बाद ही चुनाव कराया जाए वहीं बीजेपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमारी एक मित्र मंडल बीजेपी विधायक अशोक रोहाणी के शिकायत भोपाल में भी की गई है कि जो सिर्फ सिंधी समाज को और अपने व्यवसाय को ही आगे बढ़ाया जा रहा है और बड़ी-बड़ी इमारतें बनाई जा रही है... जमीनी कार्यकर्ताओं पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है..

देशभर के प्रसिद्ध कवि आज देंगे अपनी प्रस्तुति,वंदे मातरम कवि सम्मेलन आज

जबलपुर,संवत्सर 2080 के शुभारंभ पर आज संध्या हिन्दू उत्सव समिति द्वारा वंदे मातरम अखिल भारतीय विशाल कवि सम्मेलन का शुभारंभ सिविक सेंटर स्थित वन्दे मातरम चौक पर शाम सात बजे से किया जाएगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी इस अवसर पर देशभर से आये प्रसिद्ध कवियों द्वारा अपनी ओजमयी वाणी और विशिष्ट शैली से काव्यपाठ कर सनातन हिन्दू धर्म संस्कृति और भारत माता के वैभव का गुणगान किया जाएगा। इसमें मेरठ से डॉ. हरिओम पवार, मथुरा से मनवीर मधुर, शुजालपुर से दिनेश देशी घी, जबलपुर से सुदीप भोला, इटावा से देवेंद्र प्रताप सिंह आग द्वारा अपनी रचनाओं का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी नरसिंहदासजी के आशीर्वचन से होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू करेंगे। इस अवसर पर मां नर्मदा की उत्पत्ति पर सजीव नाट्य मंचन तथा देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। कार्यक्रम संयोजक शरद अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दू नववर्ष पर भारतीय संस्कृति का जयघोष कर भारत माता के वैभव को अमर रखने का संकल्प दोहराते हुए अमर बलिदानियों को नमन करना है। इसके अंतर्गत हिन्दू उत्सव समिति वर्ष 1988 से लगातार कवि सम्मेलन का आयोजन करती चली आ रही है। कार्यक्रम संयोजक शरद अग्रवाल, सहसंयोजक अखिलेश दीक्षित, राजेन्द्र चौधरी, मनीष जैन कल्लू, सजंय गुप्ता, भोलेशंकर सोनी, जीवन सोनी, किशोर तिवारी, राजेश रैकवार, नितिन शुक्ला आदि का सहयोग है।

रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर शहर पहुंचे सीएम चौहान

जबलपुर। रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दोपहर जबलपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में सीएम करीब डेढ़ घंटे रुकेंगे और इसके बाद बालाघाट के लांजी के लिए रवाना होंगे। यहां से फि र वापस जबलपुर डुमना एयरपोर्ट से हवाई जहाज से वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के भी शामिल हो सकते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्टर सौरभ के सुमन और एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने कार्यक्रमस्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा के नेता भी कार्यक्रमस्थल पर मौजूद रहे।

ये रहेगा सीएम का कार्यक्रम-

सीएम स्टेट हेंगर भोपाल से प्लेन द्वारा दोपहर 12ः05 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। डुमना एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर द्वारा 12ः10 बजे प्रस्थान कर 12ः25 बजे बरगी नगर हेलिपेड पहुंचेंगे। यहां वे बरगी नगर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद 2ः05 बजे बरगी से प्रस्थान कर 2ः55 बजे बालाघाट जिले के लांजी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 4ः35 बजे लांजी से प्रस्थान कर 5ः25 बजे डुमना एयरपोर्ट आएंगे। डुमना एयरपोर्ट से 5ः30 बजे वायुयान द्वारा वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे।



मुख्यमंत्री श्री चौहान का हुआ बरगी (हरदुली) हैलीपैड आगमन

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज जबलपुर प्रवास पर रहे। मुख्यमंत्री 20 मार्च 2023 को दोपहर लगभग 1.55 बजे बरगी (हरदुली) हेलीपैड पहुँचे। मुख्यमंत्री चौहान का हैलीपैड पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर सौरभ सुमन से क्षेत्र में फसल क्षति की जानकारी भी ली।इस अवसर पर विधायक जालमसिंह पटेल, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा उपस्थित थे।

महापौर, निगमाध्यक्ष एवं नेताप्रतिपक्ष ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी

स्वच्छता कप टेनिस बॉल रि केट प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

जबलपुर । रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ग्राउंड में नगर निगम द्वारा स्वच्छता कप टेनिस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन के प्रारंभ में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिंकू विज एवं नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर उपस्थित खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। रविवार को स्वच्छता का संदेश देने चार मैच खेले गए। पहला मैच संभाग क्रमांक-1 एवं संभाग क्रमांक-2 के बीच खेला गया। जिसमें संभाग क्रमांक-1 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 70 रन बनाएं। संभाग क्रमांक 2 की ओर से श्री असैया को 35 रनों की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके उपरांत दूसरा मैच संभाग क्रमांक-तीन एवं चार के मध्य खेला गया। जिसमें संभाग क्रमांक 3 में 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर 139 रन का स्कोर खड़ा किया। विजय टीम संभाग क्रमांक 3 की ओर से 39 रन की पारी के लिए श्री दनिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके उपरांत तीसरा मैच संभाग क्रमांक 5 एवं 6 के मध्य खेला गया। एवं अंत में चौथा मैच संभाग क्रमांक-7 एवं 8 के मध्य खेला गया।

स्वच्छ वातावरण बनाने किया जा रहा आयोजन

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत शहर में स्वच्छता का वातावरण बनाने एवं आम जनमानस में जारूकता लाने स्वच्छता कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है एवं इस प्रतियोगिता से समाज के सभी वर्गों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज संभाग क्रमांक 09 से 16 तक की टीमों के बीच मैच रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय ग्राउंड में सुबह 10 बजे से खेला जायेगा। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम के सदस्यों को पुरुस्कार महापौर, निगमाध्यक्ष रिंकू विज एवं नेताप्रतिपक्ष ने प्रदान किया। इस मौके पर निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंहसहायक यंत्री संजय सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि भी उपस्थित रहे।

प्रह्लाद पटेल ने आईजीएनसीए के 36 वें स्थापना दिवस का किया शुभारम्भ

नयी दिल्ली

जलशक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री प्रह्लाद पटेल ने रिववार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के 36वें स्थापना दिवस का शुभारम्भ किया।

यहाँ आज से 24 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत फोटोग्राफ प्रदर्शनी चित्रांजलि से हुई। जिसके बाद, देश की पहली महिला बैंड 'जानकी रमण बैंड' की महिला कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने शुरूआत 'मां नर्मदा' की स्तुति से की और समापन देशभक्ति गीत 'शहीदों की मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले' से किया। यह लंबे समय तक याद रखा जाने वाली प्रस्तुति थी। इस अवसर पर एक आईजीएनसीए द्वारा आयोजित कॉफी टेबल बुक और कैलेंडर का लोकार्पण भी श्री पटेल, आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। चित्रांजलि का आयोजन देश के प्रख्यात फोटो पत्रकार श्री महेंद्र चौधरी की स्मृति में पिछले 24 वर्षों से हो रहा है। इस बार चित्रांजलि की थीम 'भारत के पर्व' है। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों से लोगों ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के दौरान अपने द्वारा खींचे गए फोटो भेजे थे। भारत के 27 राज्यों, पांच केंद्रशासित प्रदेशों और सात देशों से कुल 4258 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इन प्रविष्टियों में से चुने हुए 150 फोटोग्राफ की प्रदर्शनी आईजीएनसीए के कला दर्शनम् गैलरी में लगाई गई हैं। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफ को श्री पटेल ने पुरस्कार प्रदान किया। पहला पुरस्कार (एक लाख रुपये, प्रमाण पत्र, प्रतीक चिह्न) कर्नाटक के मुदबिदरी के जिनेश प्रसाद, दूसरा पुरस्कार नयी दिल्ली के मानवेंदर वशिष्ट लव (पचास हजार रुपये, प्रमाण पत्र, प्रतीक चिह्न) और तीसरा पुरस्कार कोलकाता के बिश्वनाथ बाग (पच्चीस हजार रुपये, प्रमाण पत्र, प्रतीक चिह्न) को मिला। चित्रांजलि के आयोजन में संजीव चौधरी ने अत्यंत महत्त्वपूर्ण निभाई। निर्णायक मंडल में देश के प्रख्यात फोटोग्राफर श्री एच. सतीश, श्री अनिल रसाल सिंह और श्री बी. के. अग्रवाल उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के पहले दिन के शाम के सत्र में देश के अग्रणी कला संग्राहक एवं संरक्षक पद्मश्री श्री ओम प्रकाश जैन को आईजीएनसीए द्वारा सम्मानित किया गया और उनके जीवन तथा काम पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद जे.एन. कल्चरल सेंटर, मॉस्को की पूर्व निदेशक उषा आर.के. द्वारा अभिकल्पित नृत्य प्रस्तुति 'दिव्य विवाह' का मंचन हुआ।

जगन के कहने पर टीडीपी विधायक ने विधानसभा में किया हमलाः चंद्रबाबू

अमरावती

तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी. के कहने पर उनके विधायक ने तेदेपा के विधायक पर हमला किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि दलित विधायक, डोला बाला वीरंजनेय स्वामी पर हमला पूर्व नियोजित था और मुख्यमंत्री के प्रोत्साहन पर किया गया। उन्होंने विधानसभा के अंदर टीडीपी विधायक पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे विधानसभा के इतिहास का सबसे काला दिन करार दिया।चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश के इतिहास में कभी भी किसी विधायक पर सदन के अंदर हमला नहीं किया गया और आज विधानसभा के इतिहास का सबसे काला दिन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी विधायी निकायों की छवि खराब करने वाले दागी मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाएंगे। उन्होंने कहा, विधानसभा के पटल पर विधायक पर हमले के साथ, लोग वाईएसआरसीपी की नीतियों को समझ गए हैं।विधानसभा के चल रहे सत्र को कौरव सभा करार देते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि विधान परिषद के चुनावों के नवीनतम परिणामों के साथ जगन पागल हो गए हैं। गौरतलब है कि राज्य विधानसभा में सोमवार को अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला, जब टीडीपी सदस्य विधानसभा अध्यक्ष तम्मिनेनी सीताराम को घेर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे सरकार से सड़कों पर जनसभाओं पर प्रतिबंध लगाने वाले आदेश को वापस लेने की मांग कर रहे थे।

आजादी के साथ जिम्मेदारी भी आती है, हरदीप पुरी ने राहुल पर साधा निशाना

नई दिल्ली, संसद सत्र से पहले सोमवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके ब्रिटेन के भाषण को लेकर निशाना साधा और कहा कि 'आजादी के साथ जिम्मेदारी का भाव भी आता है।' सोमवार सुबह मीडिया से बात करते हुए पुरी ने कहा, यदि कोई व्यक्ति देश के बाहर जाता है, तो उसे बोलने की आजादी है, लेकिन आजादी के साथ जिम्मेदारी का भी पालन करना चाहिए। हम दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र हैं, लेकिन राहुल गांधी यूके जाते हैं और कहते हैं कि भारतीय लोकतंत्र बुनियादी ढांचे पर हमले का सामना कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस को यह भी याद दिलाया कि इंदिरा गांधी के शासन में नागरिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था। पुरी ने अपने बयान के पीछे राहुल गांधी के उद्देश्य पर सवाल उठाया और उनसे माफी मांगने को कहा।मंत्री ने कहा, यह केवल इंदिरा गांधी सरकार थी, जिसने आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया था।

पंजाब के हालात के लिए केंद्र और राज्य दोनों जिम्मेदार : हरसिमरत कौर



नई दिल्ली

सिख अलगाववादी और कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह के मसले पर केंद्र और पंजाब दोनों सरकारों पर हमला बोलते हुए अकाली दल सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने आरोप लगाया है कि अमृतपाल सिंह को लेकर बवाल तो सिर्फइन सरकारों ने मचाया हुआ है, पंजाब में तो सबको पता है क्योंकि वीडियो वायरल है। संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए हरसिमरत कौर बादल ने आरोप लगाया कि सियासी फायदे के लिए केंद्र की भाजपा और राज्य की आम आदमी पार्टी की सरकार, पंजाबियों को बदनाम कर रही है। सियासत का खेल खेल रही है।

उन्होंने सवाल पूछा कि आज अमृतपाल सिंह के संबंधों को लेकर सवाल उठाने वालों को यह बताना चाहिए कि जब ये 6 महीने से घूम रहे हैं तो क्या उस समय केंद्र की इंटेलिजेंस एजेंसी सोई हुई थी, राज्य सरकार ने एक महीने पहले ही इनके खिलाफएक्शन क्यों नहीं लिया?अकाली सांसद ने आरोप लगाया कि पंजाब का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो दोषी है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन अमृतपाल सिंह के नाम पर जो लोग उठाए जा रहे हैं, उनकी क्या गलती है? अमृतपाल सिंह को सुबह ही उसके घर से उठाया जा सकता था।अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए बादल ने कहा कि उन्होंने पंजाब की जनता से एक मौका मांगा था लेकिन आज वो पंजाब के हालात पर चुप क्यों हैं? उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब को एक अक्षम मुख्यमंत्री देने का काम किया है, डीजीपी भी अस्थायी है और राज्य में कानून व्यवस्था की हालत लगातार खराब होती जा रही है। बीएसएफ की निगरानी के बावजूद बाहर से राज्य में हथियार और ड्रग्स दोनों आ रहे हैं।

गहलोत का अपनी ही पार्टी को कमजोर करने का इतिहास रहा है : सतीश पूनिया

नयी दिल्ली

ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन में शामिल गयाना, सूरीनाम, जाम्बिया, मॉरीशस व श्रीलंका के कृषि मंत्रियों के साथ कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की रविवार को द्विपक्षीय बैठकें हुई। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस दौरान श्री तोमर ने भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आईवाईएम) के अंतर्गत, 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वैश्विक सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए इन मंत्रियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष इसलिए मनाया जा रहा है ताकि भारतीय 'श्री अन्न', उनके व्यंजनों व मूल्यवर्धित उत्पादों को एक जनांदोलन के रूप में वैश्विक स्तर पर स्वीकारा जा सकें। उन्होंने विभिन्न देशों के साथ भारत के कृषि संबंधों को और मजबूत किए जाने की उम्मीद जताई।

श्री तोमर ने गयाना के कृषि मंत्री जुल्फिकार मुस्तफा के साथ बैठक में, वहां के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली व उपराष्ट्रपति भरत जगदेव की भारत यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि कृषि, दोनों देशों के बीच सहयोग का एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने भारत-गयाना के संबंधों में सतत प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों में ठोस सहयोग की आशा प्रकट की।

श्री तोमर ने गयाना को कच्चे तेल की विशाल खोज के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे गयाना एक प्रमुख ऊर्जा निर्यातक के रूप में स्थापित हो सकेगा, जिसमें वहां के लोगों के जीवन को बदलने की क्षमता है। उन्होंने भारत व गयाना के बीच कृषि और कृषि-प्रसंस्करण उद्योग में सहयोग की अपार संभावनाएं भी जताते हुए कहा कि दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि गयाना में व्यापक कृषि-योग्य भूमि व पानी की उपलब्धता है और भारत के पास प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञता एवं कुशल जनशक्ति है, जिससे दोनों देश लाभान्वित हो सकते हैं। भारत गयाना में कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों के विकास में अपनी विशेषज्ञता, अनुभव को साझा करने का इच्छुक है, जिसके लिए एक एमओयू को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गयाना शुगर कॉरपोरेशन प्रबंधन को सहयोग देने व गयाना में चीनी संपदाओं/संयंत्रों को पुनर्जीवित करने के लिए आईटीईसी में तीन साल के लिए भारत से दो विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति के गयाना के अनुरोध पर शीघ्र विचार किया जाएगा।

श्री तोमर ने सूरीनाम के कृषि मंत्री परमानंद प्रह्लाद स्यूडिएन के साथ बैठक में कहा कि भारत व सूरीनाम के बीच घनिष्ठ, मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध है, जो 150 वर्षों के दौरान सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्क से सुदृढ़ हुए हैं। उन्होंने सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की 150वीं वर्षगांठ के समारोह की सफलता की कामना की, साथ ही विश्वास जताया कि राष्ट्रपति संतोखी की जनवरी 2023 में भारत की आधिकारिक यात्रा से हमारे द्विपक्षीय संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंचे हैं। उन्होंने खुशी व गर्व प्रकट करते हुए कहा कि सूरीनाम में हिंदी वृहद स्तर पर बोली जाती है। भारत की तरह, सूरीनाम भी बहुजातीय और विविधताओं का देश है, जहां लोग शांति-सद्भाव से रहते हैं। कृषि पर संयुक्त कार्य समूह की दूसरी बैठक के दौरान हुई चर्चा अनुसार 5 वर्षों (2023-27) के लिए संयुक्त कार्ययोजना का मसौदा जल्द तैयार होने की श्री तोमर ने आशा जताई व कहा कि हम सूरीनाम से भारत को लकड़ी निर्यात सुविधा प्रदान करेंगे। 2021-22 में भारत से सूरीनाम को 4.34 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कृषि-संबद्ध वस्तुओं का निर्यात हुआ। व्यापार व निवेश बढ़ाने की खासकर कृषि-खाद्य प्रसंस्करण में अधिक संभावनाएं हैं। भारत के प्रमुख कार्यक्रमों, विकास साझेदारी के तहत भारत सूरीनाम को आवश्यकतानुसार तकनीकी सहयोग देने, मानव संसाधनों के क्षमता निर्माण, कौशल विकास में योगदान देने को प्रतिबद्ध है। श्री अन्न, देशों को आत्मनिर्भर बनाने, आयातित अनाज पर निर्भरता कम करने का आदर्श समाधान है। सूरीनाम से प्रस्ताव मिलने पर भारत कृषि सहयोग की परियोजना शुरू कर सकता हैं, साथ ही सूरीनाम में श्री अन्न की खेती के लिए अध्ययन करने हेतु इंडियन टेक्निकल एंड इकानामिक कोआपरेशन प्रोग्राम (आईटीईसी) कार्यक्रमों के तहत कृषि वैज्ञानिकों को भी नियुक्त कर सकते हैं।

दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में ईडी के सामने पेश हुई कविता

नई दिल्ली,

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य के. कविता सोमवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में दूसरे दौर की पूछताछ में शामिल होने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय पहुंचीं। गुरुवार (16 मार्च) को उनसे दूसरे दौर की पूछताछ की जानी थी, लेकिन वो नहीं पहुंची, यह कहते हुए कि वह ईमेल के माध्यम से जवाब देंगी। उसके बाद, ईडी ने उन्हें 20 मार्च को जांच में शामिल होने के लिए एक और समन भेजा। अपनी पहली उपस्थिति के दौरान, उनका सामना हैदराबाद के बिजनेसमैन अरुण पिल्लई से हुआ था, जिन्होंने साउथ ग्रुप का प्रतिनिधित्व किया, जिसने कथित तौर पर आप नेताओं को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। इस पैसे का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया था। पिल्लई ने कहा है कि वह कविता के सहयोगी थे।ईडी ने 15 मार्च को बीआरएस एमएलसी के पूर्व ऑडिटर और साउथ ग्रुप के सदस्य बुच्ची बाबू का बयान दर्ज किया था। कविता ने कहा है कि वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से कभी नहीं मिलीं। सिसोदिया को सीबीआई और ईडी ने गिरफ्तार किया है। कविता का कहना है कि इस मामले में उनका नाम अनावश्यक रूप से घसीटा जा रहा है।

पीएम और ममता बनर्जी के बीच राहुल की छवि खराब करने का सौदा : अधीर रंजन चौधरी

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और पीएम मोदी के बीच राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए सौदा करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा, ममता बनर्जी पीएम के इशारे पर बोल रही हैं। पीएम और दीदी में राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि खराब करने का आपसी सौदा है। वह ईडी-सीबीआई के छापे से खुद को बचाना चाहती हैं, इसलिए वह कांग्रेस के खिलाफहैं क्योंकि पीएम इससे खुश होंगे। जानकारी के अनुसार, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने अब वायनाड सांसद राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए दावा किया है कि राहुल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी 'टीआरपी' हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी राहुल को हीरो बनाना चाहती है। एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि टीएमसी की आंतरिक बैठक में सीएम बनर्जी ने राहुल पर कई तीखी टिप्पणियां की हैं। उन्होंने कहा है कि अगर राहुल विपक्ष का चेहरा होते हैं, तो 'कोई भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना नहीं बना सकेगा।' उन्होंने कहा कि भाजपा राहुल को ही नेता बनाए रखना चाहती है।

हसीना ने भारत को चिट्टागोंग, सिलहट बंदरगाहों का उपयोग करने की पेशकश की



ढाका

व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत को पारस्परिक लाभ के लिए चिट्टागोंग और सिलहट बंदरगाहों का उपयोग करने की पेशकश की है। गवर्निंग काउंसिल ऑफ इंडिया फाउंडेशन के सदस्य राम माधव ने रविवार को जब उनसे उनके आधिकारिक आवास गणभवन में मुलाकात की तो उन्होंने कहा, ÷अगर भारत चाहे तो हमारे चिट्टागोंग और सिलहट बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकता है।÷बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री के उप प्रेस सचिव केएम शखावत मून ने कहा कि हसीना ने उल्लेख किया कि क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ने से लोगों से लोगों के संपर्क बढ़ाने में मदद मिलेगी।राम माधव ने हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश में सामाजिक-आर्थिक उन्नति की बहुत सराहना की और कहा, ÷बांग्लादेश और भारत के बीच पड़ोसी देशों के रूप में उत्कृष्ट मित्रता है और आशा है कि यह संबंध भविष्य में भी जारी रहेगा।÷

देश में पिछले 24 घंटे में दर्ज किए गए कोरोना के 918 नए मामले

नयी दिल्ली

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 918 नए मामले दर्ज किए गए और दैनिक संक्रमण की दर 2.08 प्रतिशत रही। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 918 नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6350 हो गई है। मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोविड संक्रमण की दर 2.08 प्रतिशत रही। वहीं इस दौरान 479 व्यक्ति संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.81 प्रतिशत है। इसी अवधि में 44225 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 1246 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही देश में 220.65 करोड़ कोविड टीके लगाये जा चुके हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 9,095 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,64,97,638 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान देश के 20 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई, जिनमें से सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में 144 बढ़े। इसके अलावा, गुजरात में 85, दिल्ली में 19, केरल में 41, कर्नाटक में 39, राजस्थान में 17, तमिलनाडु में 34, उत्तर प्रदेश में 19, गोवा में 18, पश्चिम बंगाल में 08, ओडिशा में 06, हरियाणा में 06, मध्य प्रदेश में 04, पंजाब में 04, उत्तराखंड में 04, चंडीगढ़ में तीन, पुडुचेरी में 02, आन्ध्र प्रदेश, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में क्रमशः एक-एक सक्रिय मामले बढ़े।

ईरान-इराक ने सुरक्षा सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

हरान

ईरान और इराक ने बगदाद में सुरक्षा सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते पर रविवार को ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली शामखानी और इराक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कासिम अल-अराजी ने हस्ताक्षर किए। एक समारोह में इराकी प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी ने भी भाग लिया। आईआरएनए समाचार एजेंसी के अनुसार, पिछले महीनों तैयार किए गए समझौते में अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित ईरान-विरोधी समूहों द्वारा शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।एसएनएससी प्रमुख ने कहा कि साझी सीमा से सटे क्षेत्रों में कोई भी तनाव और संकट दोनों देशों की सुरक्षा और शांति को कमजोर करेगा और दोनों देशों के सीमावर्ती शहरों के विकास में बाधा बनेगा। उन्होंने आंतरिक या बाहरी तनावों को पैदा करने वालों के खिलाफकार्रवाई का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि ईरान विरोधी सशस्त्र समूहों और भाड़े के सैनिकों के साथ-साथ इराक में स्थित अमेरिकी बलों द्वारा सैन्य और खुफिया खतरों को खत्म करने की जरूरत है।इराकी प्रधान मंत्री ने कहा, इराक की सरकार और लोग हमेशा अपने ईरानी भाइयों के समर्थन और सहायता की सराहना करते हैं।

उन्होंने कहा कि बगदाद और तेहरान के बीच समझौते पर हस्ताक्षर ने संकेत दिया कि ईरानी और इराकी अधिकारी दोनों देशों को एकजुट देखते हैं। इराकी प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि इराकी सरकार किसी भी पक्ष को ईरान की सुरक्षा से समझौता करने के लिए अपनी जमीन का उपयोग करने की अनुमति नहीं देगी।राजी के निमंत्रण पर शामखानी रविवार सुबह बगदाद पहुंचे। उनके साथ सेंट्रल बैंक ऑफईरान के गवर्नर मोहम्मदरेजा फज़िन और विदेश मंत्रालय के दो प्रतिनिधि भी थे।यात्रा के दौरान, शामखानी ने इराकी संसद अध्यक्ष, मोहम्मद अल-हलबौसी और इराकी सर्वोच्च न्यायिक परिषद के प्रमुख फैक जैदान से भी मुलाकात की।

गोलीबारी के बाद अमेरिकी शहर में इमरजेंसी लागू, कर्फ्यू जारी

मियामी

अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के मियामी बीच शहर में प्रशासन ने दो गोलीबारी घटना के बाद इमरजेंसी और कर्फ्यू लगा दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कर्फ्यू रविवार रात 11.59 बजे लागू हुआ और सोमवार सुबह 6 बजे तक रहेगा। अधिकारी गुरुवार से 27 मार्च तक इसी तरह के अतिरिक्त कर्फ्यू प्रतिबंध लगाने के बारे में विचार कर रहे हैं।शुक्रवार की रात साउथ बीच में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। रविवार की सुबह मियामी बीच में एक और भयंकर गोलीबारी हुई।

मियामी बीच के मेयर डैन गेलबर ने रविवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो मैसेज में कहा कि भीड़ और फायरआर्म्स की उपस्थिति ने एक ऐसा संकट पैदा कर दिया है जिसे नियंत्रित करना जरूरी है।एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दक्षिण फ्लोरिडा द्वीप शहर मियामी बीच, सोमवार दोपहर प्रतिबंधों पर चर्चा करने के लिए एक विशेष आयोग की बैठक आयोजित करेगा।गन वायलेंस आर्काइव के अनुसार, इस साल अब तक अमेरिका में बंदूक हिंसा में 8,960 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में चार सैनिकों की मौत

बोगोटा, दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में एक सैन्य हेलिकॉप्टर चोको विभाग की राजधानी क्विब्डो में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार सैनिकों की मौत हो गई। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने रविवार को यह जानकारी दी। श्री पेट्रो ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर कहा, ÷क्विब्डो में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है।

बंगलादेशी राष्ट्रपति अब्दुल हमीद सेवानिवृति के बाद लिखेंगे अपनी जीवनी

ढाका। बंगलादेश के राष्ट्रपति अब्दुल हामिद नें अपनी सेवानिवृति बाद वह लेखन कार्यों विशेषकर अपनी जीवनी लिखने की इच्छा जतायी है।

श्री हामिद राष्ट्रपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरा करने के बाद अप्रैल में बंगभवन (राष्ट्रपति भवन) छोड़ रहे हैं। उनका कार्यकाल 23 अप्रैल को समाप्त होगा। देश के अगले (22वें) राष्ट्रपति का चुनाव हो चुका है। नए राष्ट्रपति 24 अप्रैल से पदभार ग्रहण करने वाले हैं। बंगलादेश के मुख्य चुनाव आयोग ने देश के 22वें राष्ट्रपति के नाम का एलान कर दिया है। आयोग ने कहा है कि पूर्व न्यायाधीश और स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू बंगलादेश के नए राष्ट्रपति होंगे। सोमवार को उन्हें निर्विरोध रूप से चुना गया। वे वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद की जगह लेंगे। अपने 64 साल के लंबे राजनीतिक जीवन में अब्दुल हमीद के कई पत्रकारों से अच्छे संबंध रहे हैं। इसलिए, जाने से पहले, उन्होंने उनमें से कुछ को रविवार को बंगभवन में आमंत्रित किया। उन्होंने उनसे विभिन्न यादों के बारे में बात की और उन्हें अपनी सेवानिवृत्ति की योजना के बारे में बताया। इस समय निवर्तमान राष्ट्रपति ने सेवानिवृत्ति का जीवन लिखकर व्यतीत करने की इच्छा व्यक्त की। श्री हमीद ने कहा कि वह बंगभवन छोड़ देंगे और फिर राजधानी में निकुंजा के आवास पर जाएंगे। कभी-कभी वह अपनी जन्मस्थली मिथमॉइन भी जाएंगे। और खाली समय लिखने में बिताएं। इससे पूर्व रविवार की शाम से ही आमंत्रित पत्रकारों का बंगभवन के दरबार हॉल में जुटना शुरू हो गया था. शाम साढ़े सात बजे के करीब निवर्तमान राष्ट्रपति वहां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आमंत्रित पत्रकारों से बातचीत की। प्रोटोकॉल को धता बताते हुए उन्होंने पत्रकारों से हाथ मिलाया और सभी के साथ मुस्कुराते हुए तस्वीरें भी खिंचवाईं। श्री हामिद ने अपने भाषण में पत्रकारों से अपने अच्छे संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ÷मुझे अपने लंबे राजनीतिक जीवन में पत्रकारों का भरपूर समर्थन मिला है। मैंने जीवन भर ईमानदारी से राजनीति की है। अपने 64 साल के जीवन में मुझे पत्रकारों से कुछ भी नकारात्मक नहीं मिला, मैं उनका आभारी हूं।÷ उन्होंने कहा, ÷पत्रकारों के साथ मेरे हमेशा अच्छे संबंध रहे। मेरे आपके साथ बहुत अच्छे संबंध थे, खासकर तब जब मैं डिप्टी स्पीकर था और जब तक मैंने स्पीकर के रूप में पदभार नहीं संभाला।÷ श्री हामिद ने यह भी कहा,÷42 दिनों के बाद मैं लोगों के बीच लौटूंगा। मुझे अच्छा लग रहा है कि मैं सम्मान के साथ विदा लेने में सक्षम हूं। मैं सभी का आभारी हूं।÷ इस समय, राष्ट्रपति ने पत्रकारों को होर क्षेत्र और ढाका में निकुंजा में अपने निवास का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।

राष्ट्रपति की प्रेस सचिव जैनल आबेदीन, अनुभवी पत्रकार अबेद खान और नईमुल इस्लाम खान, मीडिया व्यक्तित्व शेख सिराज, नेशनल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष सैफुल आलम, प्रेस क्लब की वर्तमान अध्यक्ष फरीदा यास्मीन और महासचिव श्यामल दत्ता, एकतर टीवी के सीईओ मोज़म्मेल हक बाबू द्वारा संचालित इस अवसर पर बीएफमूजे के पूर्व अध्यक्ष मंजुरुल अहसन बुलबुल, डीबीसी मंजुरुल इस्लाम के मुख्य संपादक, एटीएन बांग्ला जी मामून के कार्यकारी संपादक, पत्रकार आशीष सैकत, नफीजा दौला और नीलाद्री शेखर सहित अन्य ने भी विभिन्न मुद्दों पर बातचीत भी की।

सम्पादकीय

सी टाइम्स का नमन आपको, मंगलमय प्रभात ।।
सच्ची सार्थक निष्पक्ष खबर हम जागृत दिन रात ।।
हाट, सिनेमा, धर्म, राजनीति, क्रीड़ा हो या क्राइम ।।
देश, जगत, घर प्रांत, नगर की खबरें दे सी टाइम्स ।।
डॉ. हरिशंकर दुबे

यह कैसा लोकतंत्र है?

भारतीय जनता पार्टी को अतीत में कही अपनी ही यह अवश्य याद रखनी चाहिए कि देश के मतदाताओं ने सरकार और संसद को चलाने की जिम्मेदारी उसके कंधों पर डाली है। संसद अपेक्षित गरिमा के साथ चले, इसे सुनिश्चित करना उसका दायित्व है।संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला ही दिन खराब संकेत दे गया। पहले चरण में विपक्ष अडानी प्रकरण को लेकर आक्रामक रहा था। सत्ता पक्ष को अंदाजा रहा होगा कि विपक्ष इस सिलसिले को जारी रख सकता है। मीडिया में ऐसी सुर्खियां भी भरी पड़ी थीं कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से विपक्षी दल गुस्से में हैं और वे एकजुट होकर इस मुद्दे को सदन में उठाएंगे।

जाहिर है, यह भी टकराव का एक मसला है। तो विपक्ष के इन संभावित हमलों के खिलाफ सत्ता पक्ष ने जवाबी रणनीति अपना ली। दोनों सदनों की बैठक शुरू होते ही सत्ता पक्ष लंदन में दिए राहुल गांधी के भाषणों को लेकर न सिर्फ हमलावर हो गया। राज्यसभा में खुद सदन के नेता ने राहुल गांधी को निशाने पर लिया- जबकि संसदीय मर्यादा के तहत दूसरे सदन के सदस्य की बातों पर अन्य सदन में चर्चा नहीं होनी चाहिए। इससे लेकर गरमाहट बढ़ी और सदन में कोई काम की बात नहीं हो सकी। अब चूंकि दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना तीखा और अविश्वास की खाई इतनी चौड़ी हो चुकी है, इस सत्र में कोई सार्थक बात होगी, इसकी संभावना कम ही लगती है।यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। लोकतंत्र में संसद को सर्वोच्च मंच कहा जाता है। हालांकि अब यह आशंका पुरानी हो चुकी है, मगर यह याद दिलाते रहने की जरूरत है कि अगर अगर यह मंच अपनी साख खो दे, तो फिर लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं बचेगा। भारतीय जनता पार्टी को अतीत में कही अपनी ही यह अवश्य याद रखनी चाहिए कि देश के मतदाताओं ने सरकार और संसद को चलाने की जिम्मेदारी उसके कंधों पर डाली है। संसद अपेक्षित गरिमा के साथ चले, इसे सुनिश्चित करना उसका दायित्व है। अब पानी चूंकि सिर के ऊपर से गुजर रहा है, इसलिए यह याद दिलाना भी जरूरी हो गया है कि अगर सत्ता पक्ष अपने इस दायित्व को निभाने में विफल रहा, तो देश का एक बड़ा जनमत राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे की इस टिप्पणी से सहमति रखने लगेगा कि मोदी राज में लोकतंत्र नहीं है।

बिहार में भाजपा का पुराना समीकरण

बिहार में भारतीय जनता पार्टी 2024 के चुनाव की तैयारी कर रही है। भाजपा के नेता अब भी नीतीश कुमार के ऊपर डोरे डाल रहे हैं लेकिन साथ ही फिर वहीं समीकरण बनाने की कोशिश कर रही है, जिसके दम पर एनडीए ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 32 सीटें जीती थीं। अगर नीतीश साथ आ जाते तो 2019 टाइप से एनडीए 34 सीट जीत जाता। लेकिन नीतीश अभी राजद के साथ हैं और अगले चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने की ठाने बैठे हैं। तभी भाजपा 2014 जैसा समीकरण बना रही है। उस समय के जो नेता भाजपा के साथ थे वे फिर साथ आ रहे हैं। उपेंद्र कुशवाहा जदयू से अलग होकर अपनी पार्टी बना चुके हैं।मुकेश सहनी ने 2014 में पार्टी नहीं बनाई थी लेकिन वे भाजपा के साथ थे। बाद में उनकी पार्टी बनी तो भाजपा ने पूरी पार्टी ही अपने में विलय करा ली लेकिन अब वे फिर भाजपा के नजदीक आ रहे हैं। चिराग पासवान पहले से भाजपा के साथ हैं।इन तीनों नेताओं के भाजपा के साथ आने या करीब आने के पीछे कई राजनीतिक कारण हैं। जदयू के राजद के साथ जाने के बाद इन नेताओं के लिए वहां कोई खास गुंजाइश नहीं बची थी। दूसरे, इनका वोट बैंक यादव-मुस्लिम समीकरण में फिट नहीं बैठता है। कोईरी, मल्लाह और दुसाध ये तीनों जातियां राजद के समीकरण में फिट नहीं हैं, जबकि भाजपा के साथ इनका लगभग परफेक्ट कॉम्बिनेशन बनता है।

इस बीच भाजपा ने इन तीनों को केंद्रीय सुरक्षा के जाल में भी ले लिया है। जदयू छोड़ते ही उपेंद्र कुशवाहा को वाई प्लस सुरक्षा मिल गई। मुकेश सहनी को वाई प्लस की सुरक्षा मिल गई है, जबकि चिराग पासवान की वाई प्लस की सुरक्षा को अपग्रेड करके जेड श्रेणी का कर दिया गया है। केंद्र सरकार का सुरक्षा घेरा लेकर तीनों नेता अगले चुनाव की तैयारी में जुटे हैं।

महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी सुनिश्चित करें जिसका उद्देश्य उनका सार्वजनिक प्रतिनिधित्व बढ़ाना, सार्वजनिक सुविधाओं तक उनकी पहुंच बनाना, और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के श्रमबल में उनकी भागीदारी बढ़ाना हो। तीसरा, शिक्षा की दिशा में काम करें जो निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुविधाजनक या काफी आसान बना देती है। महिला उद्यमिता प्लेटफॉर्म ज्ञान की खाई को पाटने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है: जिस तरह से भारतीय महिलाएं और बालिकाएं शिक्षा प्रणाली से आगे निकल कर नौकरी करने की दुनिया की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही हैं और स्वयं के जीवन में व्यापक बदलाव ला रही हैं, उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि भारत उन 55 मिलियन अतिरिक्त महिलाओं के लिए एक मजबूत उद्यमिता मार्ग बना रहा है जो वर्ष 2030 तक संबंधित श्रमबल का हिस्सा बन सकती हैं।

महिला उद्यमिता, जी-20 में भारत के लिए एक प्रमुख स्तंभ

डॉ. संगीता रेड्डी और सुश्री अन्ना रॉय



भारत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विकास और समानता प्राथमिकताओं में से एक है- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना। यह एक शक्तिशाली माध्यम है, जो भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा को गति दे सकता है। इसके अलावा, यह उन सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो घरेलू आय बढ़ाने, गरीबी को कम करने और 2030 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी), विशेष रूप से लैंगिक समानता से सम्बन्धित एसडीजी-5 को हासिल करने में सहायता कर सकते हैं।भारत में नारी शक्ति को प्रोत्साहन देने की बात, विभिन्न सरकारी पहलों में परिलक्षित होती है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता को सहायता प्रदान करता है, जिसके तहत 7.5 मिलियन स्वयं-सहायता समूहों से 80 मिलियन से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। मुद्रा योजना, वित्त तक पहुंच को सक्षम बनाती है और जेम (जीईएम) पोर्टल सभी सरकारी खरीद का 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों के लिए आरक्षित करता है।नीति आयोग के शोध से संकेत मिलता है कि महिलाओं उद्यमिता को स्थायित्व प्रदान करने, स्वायत्त बनाने तथा औपचारिक क्षेत्र में लाने के लिए सहायता देने की आवश्यकता है।

इन उद्यमों की रोजगार सृजन क्षमताओं का विभिन्न शोधपत्रों और रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है, जो समाज एवं अर्थव्यवस्था के लिए अतिरिक्त लाभ पैदा करने में सक्षम हैं।अपनी जी-20 अध्यक्षता के तहत, भारत ने आठ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है, जिसमें अन्य के साथ-साथ महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना शामिल हैं। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक प्रतिनिधित्व के सशक्तिकरण और प्रगति के लिए जी-20 गठबंधन (जी20 एम्पॉवर) का उद्देश्य महिलाओं के विकास से सम्बन्धित नैरेटिव को महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास में परिवर्तित करना है। महिला उद्यमी इस बदलाव के केंद्र में हैं और जी-20 एम्पॉवर का नेतृत्व कर रही हैं।

हमें चुनौतियों को अवसरों में बदलना चाहिए और अधिक से अधिक महिलाओं को कार्यबल तथा महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता में शामिल करने के लिए बदलाव को तेज करना चाहिए। जैसा एसडीजी प्रदर्शित करते हैं, महिला-केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाने और महिलाओं को अधिक अवसर प्रदान करने की संस्कृति के निर्माण के लिए, हमारे देश में और विश्व स्तर पर सहयोग-आधारित एवं ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है।डिजिटलीकरण एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है जो महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके अलावा, ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां अपने संस्थान के कार्यालय से काफी दूर रहकर भी सतत रूप से अपना आधिकारिक कामकाज निपटाना बिल्कुल संभव है और इसके साथ ही यह महिला श्रमबल को रोजगार प्रदान करने का व्यापक अवसर भी प्रदान करता है।


जी-20 सशक्तिकरण प्लेटफॉर्म के जो तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं उनका उद्देश्य इन संवादों को निम्नलिखित दृष्टिकोणों के जरिए ठोस कदमों में परिवर्तित करना है।पहला, महिला उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करें: महिलाओं के नेतृत्व वाले और महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण, सहायक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं और वित्त तक महिलाओं की पहुंच बढ़ाएं। दूसरा, महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी सुनिश्चित करें जिसका उद्देश्य उनका सार्वजनिक प्रतिनिधित्व बढ़ाना, सार्वजनिक सुविधाओं तक उनकी पहुंच बनाना, और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के श्रमबल में उनकी भागीदारी बढ़ाना हो। तीसरा, शिक्षा की दिशा में काम करें जो निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुविधाजनक या काफी आसान बना देती है। महिला उद्यमिता प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) ज्ञान की खाई को पाटने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है: जिस तरह से भारतीय महिलाएं और बालिकाएं शिक्षा प्रणाली से आगे निकल कर नौकरी करने की दुनिया की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही हैं और स्वयं के जीवन में व्यापक बदलाव ला रही हैं, उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि भारत उन 55 मिलियन अतिरिक्त महिलाओं के लिए एक मजबूत उद्यमिता मार्ग बना रहा है जो वर्ष 2030 तक संबंधित श्रमबल का हिस्सा बन सकती हैं।वैश्विक उद्यमिता शिखर सम्मेलन 2017 में घोषणा किए जाने के बाद डब्ल्यूईपी के अभिनव आइडिया को नीति आयोग में मूर्त रूप दिया गया। आज यह एक मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो महिला उद्यमियों को बहुक्षेत्रीय सहयोग प्रदान करता है। यह जागरूकता, प्रशिक्षण, कौशल विकास, वित्त और विपणन संबंधी आवश्यकताओं तक पहुंच के जरिए बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों को तैयार कर रहा है। डब्ल्यूईपी इसके साथ ही डेटा सृजित करके एक उत्कृष्ट विचारक के रूप में भी उभर कर सामने आया है जो महिलाओं के नेतृत्व और मानसिक सेहत पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए महिलाओं की उद्यमशीलता की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इसके साथ ही यह योजना भी बनाई गई है जिसके तहत प्रौद्योगिकी और विभिन्न बाधाओं को कम करने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के लिए किसी पारंपरिक स्टोर में काम करने के दृष्टिकोण को अनिवार्य किए बिना ही महिलाएं तरह-तरह की दक्षताओं से लाभ उठा सकें। भारत की जी-20 अध्यक्षता वाले इस वर्ष में पूरी दुनिया विभिन्न संस्थानों, देशों, पहलों और लोगों के बीच बेहतरीन सहयोग की साक्षी बनेगी।

सभी मुद्दों से ध्यान हटा है



संसद के बजट सत्र में सभी जरूरी मुद्दों से ध्यान हटा हुआ है। यह भाजपा की रणनीति की सफलता है। उसने विपक्ष को एक मुद्दे में उलझा रखा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों को लग रहा है कि राहुल गांधी के देश का अपमान करने वाली बहस की काट अदानी समूह की जेपीसी जांच है। सवाल है कि अदानी समूह की जेपीसी जांच से क्या हासिल होना है? इससे पहले किसी जेपीसी जांच से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। ऊपर से अदानी समूह की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की एक कमेटी बनी हुई है, जो दो रिटायर जज भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को अलग से जांच करने के लिए कहा हुआ है। सो, जेपीसी की जांच से कुछ बड़ा खुलासा हो जाएगा, ऐसा नहीं है। जनता के बीच भी इस बात से सरकार की साख खराब होगी, इसमें भी संदेह है।लेकिन इस वजह से विपक्ष ने जरूरी मुद्दों को छोड़ा हुआ है। जरूरी मुद्दा महंगाई का है। एक-दो महीने की कमी के बाद फिर से खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से ऊपर चली गई है। लगातार दो महीने से महंगाई दर छह फीसदी से ऊपर है। देश में बेरोजगारी की दर सात फीसदी से ऊपर है। सरकार ने अगले साल के बजट में मनरेगा से लेकर खाद्य सुरक्षा तक के बजट में कटौती की है। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग से सभी विपक्षी पार्टियों के ऊपर शिकंजा कसा है।दिल्ली के उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया है। तेजस्वी यादव से लेकर के कविता तक कई नेताओं पर तलवार लटकी है। विपक्ष को इसकी सुध नहीं है। एक अदानी के मसले के पीछे सारे जरूरी मुद्दे छिप गए हैं। अदानी का मुद्दा भी ज्यादा अपील इसलिए नहीं कर रहा है क्योंकि उससे ज्यादातर लोग अप्रभावित हैं और देश की अर्थव्यवस्था पर भी कोई असर नहीं हुआ है। शेयर बाजार अब भी 60 हजार के आसपास ही है।

1 NAZAR



सामयिक : महंगाई से बढ़ेंगी दूरियां

सतीश सिंह



जनवरी 2023 में देश का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 6.52 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच गया,जो पिछले 3 महीनों में सबसे ऊंचा स्तर है।इससे पहले, दिसम्बर 2022 में खुदरा महंगाई 5.72 प्रतिशत थी, जबकि जनवरी 2022 में यह 6.01 प्रतिशत थी। इससे पहले,अक्टूबर 2022में खुदरा महंगाई 6.77 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच गई थी। खुदरा महंगाई में तेजी का कारण खाद्य पदाथरे की कीमतों में तेजी आना है। केंद्रीय बैंक ने खुदरा महंगाई की निचली सीमा 2 प्रतिशत और ऊपरी सीमा 6 प्रतिशत निर्धारित की है अर्थात महंगाई दर 2 से 6 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए,लेकिनचालू वित्त वर्ष के दौरान सिर्फ नवम्बर और दिसम्बर 2022 में ही रिजर्व बैंक इस लक्ष्य को हासिल कर पाया है। अभी कोर महँगाई भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। मुसीबत यह है कि महंगाई के फिर से निर्धारित सीमा से ऊपर जाने से भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत दरों को फिर से बढ़ा सकता है। एक अनुमान के अनुसार रिजर्व बैंक अप्रैल, 2023 में होने वाली मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी कर सकता है। चूँकि, अभी महँगाई घटने की उम्मीद कम है, इसलिए,लंबे समय तक नीतिगत दर उच्च स्तर पर बनी रह सकती है और अगर ऐसा हुआ तो विकास की रफ्तार आगामी महीनों में भी नरम बनी रहेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4.4 प्रतिशत रहा,जो भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुरूप है। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में जीडीपी 21.6 प्रतिशत रही थी, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में जीडीपी 13.2 प्रतिशत रही थी।वहीं,वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 9.1 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 5.2 प्रतिशत रही,जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 6.3 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रही। एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान जताया है। एनएसओके अनुसारआधार वर्ष 2011-12 में स्थिर मूल्यपर तीसरी तिमाही में जीडीपी के राशि में 40.19 लाख करोड़ रु पये रहने का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 38.51 लाख करोड़ रु पये था. विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदशर्न की वजह से जीडीपी में गिरावट दर्ज की गई है. दिसंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 1.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में 1.3 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई थी. जून और सितंबर तिमाही में जीडीपी कमजोर आधार के कारण प्रभावित हुआ था। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली छमाही में आर्थिक सुधार की प्रक्रिया महामारी की दूसरी लहर से बाधित हुई थी और अब दिसंबर तिमाही के जीडीपीआंकड़ों पर महँगाई का नकारात्मक असर पड़ा है। इसी वजह से माँग कम हुई और विकास बाधित हुई। फिलहाल, सरकार उच्च पूंजीगत व्यय के माध्यम से विकास की रफ्तार को बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन निजी पूंजीगत व्यय के कमजोर रहने से सरकार मामले में अपेक्षित परिणाम पाने में असफल रही है। वैसे,सकल स्थायी पूंजी निर्माण बढ़कर 8.3 प्रतिशत हो गया है, लेकिनचालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में निजी खपत में केवल 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फिलवक्त,राजकोषीय हालात भी अच्छी नहीं है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान राजकोषीय घाटे को कम करके जीडीपी के 5.9 प्रतिशत के स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। अभी यह घाटा जीडीपी का 6.4 प्रतिशतहै अर्थात हर साल राजकोषीय घाटे में 0.7 प्रतिशतकी कमी करनी होगी, जो आसान नहीं है, क्योंकि जीडीपी की रफ्तार कम हो गई है।

धीमी वृद्धि से कर संग्रह में कमी आ जाती है। वर्ष 2024 चुनावी साल है। इसलिए, इस साल राजकोषीय घाटा कम होने की जगह बढ़ सकता है, क्योंकि सरकार आम जनता को लुभाने के लिए सरकारी व्यय में इजाफा कर सकती है। वैसे,वर्ष 2004 में एफआरबीएम अधिनियम लागू होने के बाद से अब तक केंद्र सरकार सिर्फ4 बार ही घाटे को 0.7 प्रतिशत या उससे अधिक कम कर सकी है। पहली बार वित्त वर्ष 2021-22 में सरकार ने घाटे में 2.46 प्रतिशत की कमी की थी, लेकिन उस कालखंड में कोरोना महामारी की वजह से उच्च आधार की स्थिति बन गई थी, जिसके कारण राजकोषीय घाटे में कमी आई थी।

आज का इतिहास

भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 मार्च की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-

1351 दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक का निधन।

1602 यूनाइटेड डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना।

1615 मुग़ल बादशाह शाहजहां और मुमताज़ महल का सबसे बड़े पुत्र दारा शिकोह का जन्म।

1727: महान गणितज्ञ, भौतिक वैज्ञानिक, ज्योतिर्विद एवं दार्शनिक आइज़ैक न्यूटन का निधन हुआ।

1739 नादिरशाह ने दिल्ली सल्तनत पर कब्ज़ा किया।

1814 प्रिंस विलियम फ्रेडरिक नीदरलैंड का शासक बना।

1904 सी. एफ एंड्रूज महात्मा गाँधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने भारत आये।

1916 अल्बर्ट आइंस्टीन की किताब जनरल थ्योरी ऑफ रिलेटिवली का प्रकाशन हुआ।

1920 लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली उड़ान शुरू हुई।

1956 ट्यूनीशिया को फ्रांस से आजादी मिली।

1956 सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।

1966- लंदन वेस्टमिनिस्टर के सेंट्रल हॉल में प्रदर्शनी के लिए रखा गया फुटबॉल वर्ल्ड कप चोरी हो गया।

1966 भारतीय पार्श्वगायिका अलका याग्निक का जन्म।

1969 अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन ने वर्ष 1970 में वियतनाम युद्ध की समाप्ति की घोषणा की।

1970 भारतीय हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक जयपाल सिंह का निधन।

1973 पहले भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल का जन्म।

1977 प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव में पराजित हुईं।

1981 अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति इसाबेल पेरोन को आठ वर्ष की सजा हुई।

एमबीए चायवाला के बाद अब वायरल हो रही है बीटेक पानीपुरी गर्ल। एमबीए चायवाला का नाम कौन नहीं जानता. एमबीए चायवाला का नाम शायद लोग प्रफुल्ल बिल्लोर से ज्यादा जानते हैं। प्रफुल्ल बिल्लोर एमबीए चायवाला के मालिक हैं। वह तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान यानी आईआईएम अहमदाबाद के सामने एक चाय की दुकान लगाई।

एमबीए चायवाला के बाद अब वायरल हो रही है बीटेक पानीपुरी वाली

स्क्रॉल चायवाला के बाद अब वायरल हो रही है क्वालिफाइड पानीपुरी गर्ल। स्क्रॉल चायवाला का नाम कौन नहीं जानता. एमबीए चायवाला का नाम शायद लोग प्रफुल्ल बिल्लोर से ज्यादा जानते हैं। प्रफुल्ल बिल्लोर एमबीए चायवाला के मालिक हैं। वह तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान यानी आईआईएम अहमदाबाद के सामने एक चाय की दुकान लगाई।

आज हम प्रफुल्ल बिल्लोर की बात नहीं कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं बीटेक पानीपुरी वाली की। आजकल दिल्ली के तिलक नगर इलाके में एक लड़की पानीपुरी का ठेला लगाती है. ये लड़की अपना



पानीपुरी का ठेला सड़क किनारे लगाती है. लड़की का नाम तापसी उपाध्याय है. वह अपनी उम्र 21 वर्ष बताती है। तापसी ने खुलासा किया कि वह बी.टेक के बाद पानीपुरी बेच रही हैं। उनका कहना है कि लोग उन्हें यह काम करने से मना करते हैं। कुछ लोग समझाते हैं कि यह जॉब किसी लड़की के लिए नहीं है। कुछ लोग घर पर काम करने की सलाह देते हैं। लेकिन तापसी की राय कुछ और है। वह खुशी-खुशी अपना काम करती है। तापसी कह रही हैं कि उनके पास बिना मेंदा वाली पानीपुरी है। यह अपने उत्पादों की मार्केटिंग भी अच्छे से कर रही है। आज उनका जोश लोगों को प्रेरणा दे रहा है।



पैसे लेकर मर्दों को अपमानित करती है महिला, भद्दी बातें सुन खुश होते हैं लोग


आज के समय में पैसे कमाना ज्यादा मुश्किल नहीं है. बस कमाने का तरीका आना चाहिए. अमीर बनने के लिए लीक से हटकर काम करना पड़ता है. ऐसा एक महिला ने साबित कर दिया है. महिला हर महीने मोटी कमाई करती है. पर उसके कमाई का जरिया, आईटी, फाइनैंस, या किसी अन्य तरह के सेक्टर में नौकरी नहीं है, बल्कि मर्दों को अपमानित कर वो पैसे कमाती हैं.



गीगी ग्रे 27 साल की ओन्लीफैंस मॉडल हैं जो लॉस एंजेलिस की रहने वाली हैं. उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान हुए लॉकडाउन में ओन्लीफैंस को जॉइन किया था जो एक एडल्ट सब्स्क्रिप्शन साइट है. इसपर कंटेंट क्रिएटर अपनी एडल्ट फोटोज और वीडियोज पोस्ट कर, सब्स्क्राइबर्स से फीस लेते हैं. एडल्ट वर्क करने के अलावा वो एक संगीतकार भी हैं.

गीगी ने अपने एडल्ट वर्क को अलग एंगल देकर पैसे कमाने का हुनर सीख लिया है. उन्होंने बताया कि एक बार अपना खाना खाते हुए वीडियो एक अंजान व्यक्ति को शेयर कर उन्होंने पैसे कमाए थे. पर वो मर्दों को प्रताड़ित कर सबसे ज्यादा कमाई करती हैं. वो अक्सर ताने मारने वाले और अपमानित करने वाले वीडियोज बनाती हैं. जिसमें वो मर्दों से ये कहती हैं कि उन्हें कभी कोई लड़की नहीं मिलेगी क्योंकि वो उस लायक ही नहीं हैं.

उन्होंने कहा कि कई बार मर्द इस बात से उत्तेजित हो जाते हैं कि वो एक



खूबसूरत लड़की को रुपये भेज रहे हैं और बदले में उन्हें कुछ भी नहीं मिल रहा है. इसी बात पर वो अपने दर्शकों को ताने मारने वाले वीडियोज बनाती हैं जो काफी पॉपुलर होते हैं. उन्होंने कहा कि जब उन्होंने ओन्लीफैंस पर कंटेंट बनाना शुरू किया था, तब वो किसी भी फरमाइश को पूरा करने के लिए तैयार हो जाती थीं, क्योंकि तब उन्हें पैसों की जरूरत थी. पर अब उन्हें पैसों की ऐसी कोई जरूरत नहीं है कि वो तुरंत ही बात मान जाएं. वो लोगों की ज्यादातर डिमांड को खारिज कर देती हैं. कई बार लोग डिमांड करते थे कि वो ज्यादा गुस्से में वीडियो बनाएं या फिर सिगरेट पीते हुए वीडियो रिकॉर्ड करें मगर अब उन्हें ऐसे वीडियोज बनाने की जरूरत नहीं मेहसूस होती।

कश्मीर घूमने का बना रहे हैं प्लान, IRCTC लाया है खास टूर पैकेज

गर्मियों के मौसम में कई सारे लोग फैमिली के साथ टूर प्लान करते हैं. गर्मियों में घूमने के लिए सबसे फेवरेट डेस्टिनेशंस में सबसे पहला नंबर आता है पहाड़ों का या फिर हिल स्टेशन का. अगर पहाड़ों की बात हो रही हो और कश्मीर का जिक्र न आए ऐसा तो हो ही नहीं सकता. ऐसे में अगर आप भी गर्मियों में पहाड़ी वादियों को घूमने का मन बना रहे हैं तो आपके पास एक शानदार मौका है. आईआरसीटीसी आपको धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की सैर कराने के लिए एक किफायती एयर टूर पैकेज लेकर आया है. इस पैकेज के जरिए आईआरसीटीसी श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम की खूबसूरत वादियों की सैर करा रहा है. आईआरसीटीसी ने इस पैकेज का नाम 'Heaven on Earth' रखा है. इस पैकेज के तहत आपको भुवनेश्वर से हवाई जहाज के जरिए कश्मीर ले जाया जाएगा. 5 रातों और 6 दिन के इस पैकेज की शुरुआत 6 अप्रैल/22अप्रैल/5 मई/25 मई/9 जून से होगी. इसमें से आप कोई भी तारीख चुन सकते हैं.

टूर पैकेज की खास बातें

पैकेज का नाम- Heaven on Earth (SCBA|A)

प्रस्थान करने की तारीख- 6 अप्रैल/22अप्रैल/5 मई/25 मई/9 जून


डेस्टिनेशन कवर- श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम

कितने दिन का होगा टूर ङ्क 5 रात और 6 दिन

ट्रैवल मोड- फ्लाइट

क्लास- कंफर्ट

टूर पैकेज के लिए टैरिफ अलग-अलग होगा. यह पैसेंजर द्वारा चुनी गई ऑक्यूपेंसी और टूर की तारीख के मुताबिक होगा. 6 अप्रैल और 5 मई के टूर की बात करें तो पैकेज की शुरुआत 49,495 रुपये प्रति व्यक्ति से होगी. अगर इस पैकेज के तहत आप अकेले के लिए बुकिंग करा रहे हैं तो आपको 65,600 रुपये खर्च करने होंगे. अगर 2 लोगों के लिए बुकिंग कर रहे हैं तो आपको प्रति व्यक्ति 50,425 रुपये खर्च करने होंगे. 3 लोगों की बुकिंग पर आपको प्रति व्यक्ति 49,495 रुपये खर्च करने होंगे.



आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद तिवारी

पंचांगः 21 मार्च 2023 दिन मंगलवार चैत्र मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि विक्रम संवत 2079, शक संवत 1944, राहुकालः दोपहरः 3:00 से 4.30 बजे तक।

मेष — सितारे दिन भर आपको तंग करते रहेंगे अनावश्यक बहस करने से बचें चिंता ना करें।

वृष — रात्रि से समय आपके पक्ष में आने वाला है चंद्रमा आज पूरे दिन भर आपकी मदद करेगा।

मिथुन — प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, चंद्रमा का छठे भाव में गोचर आपके विरोधियों को कमजोर करेगा।

कर्क — सेहत बढ़िया रहेगी यात्रा सुखद रहेगी, राशि स्वामी प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता देगा।

सिंह — आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, चंद्रमा का चौथे भाव में भ्रमण असहयोग करा सकता है।

कन्या — मन अप्रसन्नता से भरा रहेगा, चिंता ना करें शाम से समय सामान्य होगा।

तुला — राशि स्वामी का सहयोग आज पूरे दिन भर मिलेगा मित्रों और परिजनों का साथ मिलेगा।

वृश्चिक — कार्य क्षेत्र बढ़िया रहेगा, राशि स्वामी का एकादश भाव में प्रवेश परेशानियों से बचाता रहेगा।

धनु — जरूरी काम आज के बजाय कल से करें, चंद्रमा का आपकी राशि में भ्रमण बेहद लाभकारी है।

मकर — जरूरी काम है उन्हें आज शाम तक अवश्य संपन्न कर ले, समय अभी भी ठीक नहीं चल रहा है।

कुंभ — लोग आप का विरोध करेंगे खर्च में वृद्धि होगी पर चिंता ना करें रात्रि से समय सामान्य हो रहा है।

मीन — चंद्रमा आज पूरे दिन भर आपकी सहायता करेगा, आवश्यक कार्य आज शाम तक अवश्य कर लें।

सू- दोकू क्र. 002

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 001 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

तीन दिन की यात्रा हो या एक हफ्ते की, ऐसे सामान पैक करेंगे तो रहेंगे टेंशन फ्री

यात्रा पर जाने से पहले की गई पैकिंग किसी सिरदर्द से कम नहीं होती। आए दिन कपड़े व ड्रेस रखने में झोला भर जाता है, जिससे कई बार जरूरी सामान वहीं छूट जाता है और गंतव्य स्थान पर पहुंचकर वहीं से सामान खरीदना पड़ता है. तो आज हम आपको कुछ बेहद ही बेसिक पैकिंग टिप्स बताएंगे। जो आपकी यात्रा के अनुभव को मजेदार और यादगार बना सकते हैं।



एक सूची बनाना

यात्रा पर क्या ले जाना है इसकी एक सूची बनाएं। इससे न सिर्फ पैकिंग आसान और कम समय में होगी बल्कि कुछ छूटने की भी समस्या नहीं होगी। अन्य लोग कहां जा रहे हैं, इसके आधार पर एक सूची बनाएं। बस एक या दो अतिरिक्त परिधान रखें, यदि आपके पास बहुत सारे विकल्प हैं तो बैग भारी हो जाएगा।

बहुउद्देशीय पोशाक

ऐसे कपड़ों को बैग में रखें जिन्हें आप अलग-अलग तरीकों से कैरी कर सकें। जैसे आप स्कर्ट को ऑफशोल्डर ड्रेस की तरह कैरी कर सकती हैं। आप लूज फिटिंग जींस को कैपरी के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। जींस के अलावा शर्ट को आप शॉर्ट्स के साथ स्लीवलेस टॉप के साथ पेयर कर सकती हैं।

बैग का वजन चेक करें

अगर आप फ्लाइट में सफर करने जा रहे हैं तो आपको बैग के वजन पर ध्यान देना होगा। नहीं तो इसके लिए अलग से चार्ज देना पड़ता है जो कई बार जेब पर भारी पड़ जाता है।

फुटवियर का सही चुनाव

अलग-अलग आउटफिट के लिए मैचिंग फुटवियर रखने के बजाय ऐसे जूते चुनें जो हर आउटफिट से मेल खाते हों। तैयार होने के दौरान यह आपके बैग को हल्का और कम अव्यवस्था भी रखेगा।

इसलिए जरूरी सामान पैक करें

शैम्पू से लेकर टूथपेस्ट से लेकर कंडीशनर तक सब कुछ ले जाने के लिए छोटी बोतलों का इस्तेमाल करें। जिससे आपका बैग भारी नहीं होगा और आपको इनके लिए अलग से शॉपिंग नहीं करनी पड़ेगी।

शब्द सामर्थ्य -002


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 001 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

दुबई में इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड 2023 का आयोजन




छठे इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड 2023 का अयोजन दुबई में हुआ, जहां जैकलिन फर्नांडीस और गोविंदा समेत कई सितारों ने लाजवाब प्रस्तुति दी. छठे इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड 2023 में मुख्य आकर्षण जैकलीन फर्नांडीस रहीं जिन्होंने अपनी लाजवाब प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गोविंदा ने भी इस दौरान लोगों का खूब मनोरंजन किया।वहीं, बिग बॉस फेम रश्मि देसाई ने एक के बाद एक चार्ट बस्टर गानों पर लाजवाब डांस मुव्स से सबों के पैर को थिरकने पर मजबूर कर दिया। अवार्ड शो को इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने प्रस्तुत किया। इस अवॉर्ड शो का प्रसारण जल्द ही जी बाईसकोप चैनल पर होगा। इस अवार्ड शो में बेस्ट फिल्म 2022 हमार स्वाभिमान (राम शर्मा), बेस्ट फिल्म 2021 विवाह 2 (निशांत उज्ज्वल),बेस्ट एक्टर पवन सिंह (हमार स्वाभिमान),बेस्ट एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे (लव विवाह डॉट कॉम),बेस्ट एक्टर क्रिटिक दिनेश लाल यादव निरहुआ (गबरू),बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक स्मृति सिन्हा (घरवाली बाहरवाली 2)बेस्ट डायरेक्टर रजनीश मिश्रा (डोली सजा के रखना),बेस्ट सिनेमेटोग्राफी देवेन्द्र तिवारी (मेरा भारत महान),बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर संजय पांडेय (ससुरा बड़ा सतावेला),बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अंजना सिंह (मेरा भारत महान) बनीं। इसी तरह बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर रजनीश मिश्रा (डोली सजा के रखना), बेस्ट खलनायक अवधेश मिश्रा (जीना तेरी गली में 2),बेस्ट कॉमेडियन संजय वर्मा (धर्मा),बेस्ट कोरियोग्राफर प्रसून यादव (डोली सजा के रखना),बेस्ट एडिटर जितेंद्र सिंह जीतू (चलते चलते),बेस्ट स्टोरी मनोज कुशवाहा (हमार स्वाभिमान),बेस्ट डायलॉग राकेश त्रिपाठी (लव विवाह डॉट कॉम),बेस्ट स्क्रीन प्ले संतोष मिश्रा (ससुरा बड़ा सतावेला),बेस्ट सिंगर मेल पवन सिंह,बेस्ट सिंगर फीमेल प्रियंका सिंह,बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस मेघा श्री (राउडी इंस्पेक्टर),बेस्ट एक्शन दिलीप यादव (मुझे कुछ कहना है),बेस्ट पीआरओ रंजन सिन्हा,बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर अनंजय रघुराज (लव विवाह कॉम),ग्लोबल आइकान अवॉर्ड मनोज तिवारी को मिला।

दिल्ली पहुंचने पर राम चरण का हुआ भव्य स्वागत

'आरआरआर' स्टार राम चरण का शुक्रवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी भी थीं। एम.एम. कीरावनी द्वारा कम्पोज किया गया 'नाटु नाटु' को 95वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर मिलने के समय दोनों एक साथ मौजूद थे। एयरपोर्ट पहुंचने पर राम चरण मुस्कुरा रहे थे और हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। अभिनेता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और हैदराबाद वापस जाने से पहले दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान एक समाचार पत्रिका द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

विक्की-कैटरीना ने की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में रानी मुखर्जी की अदाकारी की प्रशंसा



रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे इन दिनों सुर्खियों में है। इसमें अनिर्बान भट्टाचार्य, जिम सरभ और नीना गुप्ता जैसे कलाकार भी हैं। फिल्म 17 मार्च को दर्शकों के बीच आएगी। हालांकि, फिल्म के शुरुआती रिव्यू सामने आ चुके हैं, जिसमें रानी की अदाकारी की खूब तारीफहो रही है। अब इस कड़ी में विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने भी रानी की अदाकारी की प्रशंसा की है। विक्की-कैटरीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा किया है।

कैटरीना ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, कितनी अविश्वसनीय और मनोरंजक कहानी है। बस आपको बांधे रखती है। रानी मुखर्जी आपकी प्रतिभा का वर्णन करने के लिए शब्द नहीं हैं। पूरी टीम को बहुत बधाई। दूसरी ओर विक्की ने लिखा, आपका दिल उन परिवारों के लिए निकल जाता है, जो वास्तविक रूप से कठिन परिस्थितियों से गुजरे हैं। शानदार ढंग से कहा और प्रदर्शन किया। रानी मुखर्जी को उनकी आत्मा को बाहर निकालने के लिए सलाम। गौरतलब है कि फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में रानी का एक अलग अवतार देखने को मिलेगा। आशिमा छिब्बर के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में एक मां के संघर्ष की कहानी दिखने को मिलेगी, जो नॉर्वे में अपने बच्चों और पति के साथ रहती है, लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि वह अपने बच्चों की खातिर पूरे देश से लड़ जाती है। यह सच्ची घटना पर आधारित है।


'भाग्यलक्ष्मी' और 'नागिन 6' जैसे शो का हिस्सा रहीं टीवी अदाकारा और मॉडल अदिति शेट्टी फिलहाल 'धर्मपत्नी' में नजर आ रही हैं और एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें टीवी पर अलग-अलग तरह के रोल एक्सप्लोर करना पसंद है। अभिनेत्री ने कहा कि उनके शो 'धरमपत्नी' में उनका किरदार परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और वह इसे पसंद करती हैं। उन्होंने कहा- एक अभिनेता के रूप में, मेरा लक्ष्य सिर्फविभिन्न भूमिकाएं निभाना है। मैं ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती दें

अदिति शेट्टी : ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे कलाकार के तौर पर चुनौती

'धरमपत्नी' में काव्या का किरदार मेरे लिएअद्भुत यात्रा रही है, एक कलाकार के रूप में मैंने बहुत कुछ सीखा है और यह मेरे लिए एक पुरस्कृत अनुभव रहा है। मैं असल जिंदगी में काव्या जैसी नहीं हूं और जब मैं काव्या का किरदार निभा रही हूं तो मुझे पूरी तरह से अलग जिंदगी जीने का मौका मिल रहा है। मैं इस भूमिका को पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं और इसके साथ न्याय कर पाना मेरा उद्देश्य है। यह कहने के बाद, मैं मुख्य भूमिका के साथ-साथ मजबूत सकारात्मक भूमिकाओं की प्रतीक्षा कर रही हूं क्योंकि मैं एक अभिनेता के रूप में इसे लेने और इसके साथ न्याय करने के लिए तैयार और आश्वस्त महसूस करती हूं। वह किस तरह के रियलिटी शो का हिस्सा बनना चाहती हैं, इस बारे में बात करते हुए वह कहती



हैं: मैंने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की थी और उस समय, मुझे उससे संबंधित शो करने में बहुत दिलचस्पी थी। इसलिए मैं इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल का हिस्सा थी। मुझे लगता है कि जिस शो में मुझे अपने व्यक्तित्व को दिखाने का मौका मिलेगा वह रोमांचक होगा। हो सकता है कि 'बिग बॉस' मुझे परखने के लिए अच्छा होगा कि मैं कुछ स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करती हूं। वह कहती हैं, टीवी अभिनेता होने के बारे में सबसे बड़ा प्लस वह प्यार है जो आपको मिलता है: यह बहुत अभिभूत करने वाला है कि दर्शक आपको कितना प्यार देते हैं। दर्शकों ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। अभिनय मेरा जुनून है। जागना और अपनी पसंद का काम करना दुनिया का सबसे अच्छा अहसास है। मुझे कैमरे के सामने रहना और परफॉर्म करना बेहद पसंद है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ के साथ इस तरह के अद्भुत अवसर प्राप्त करने के लिए मुझे प्रेरित करता है।





रेड बिकिनी पहने नेहा मलिक ने किए सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्डनेस के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में नेहा मलिक ने अपने बोल्ड लुक्स से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। नेहा मलिक हमेशा अपनी हॉटनेस का जादू सोशल मीडिया पर बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बालकनी में रेड कलर की बिकिनी पहने हुए हॉटनेस का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। जिन्हें देखकर लोगों के दिलों की धड़कने बढ़ गई हैं। नेहा मलिक जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार लूटाते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के हुस्न के चर्चे हमेशा ही लाइमलाइट में रहते हैं। हालांकि इसी कारण फैंस को उनकी हर एक पोस्ट का इंतजार भी रहता है। लेटेस्ट तस्वीरों में भी नेहा मलिक का ग्लैमरस अंदाज देख कर हर कोई फिदा होते जा रहा है।

साउथ अफ्रीका में करीना और बच्चों के साथ छुट्टियां मना रहे हैं सैफ

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान अपनी पत्नी करीना कपूर खान और अपने दोनों बेटों तैमूर और जेह के साथ इन दिनों अफ्रीका में छुट्टियां मना रहे हैं ।

सैफऔर करीना के वेकेशन की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई है। जिसमें करीना और सैफअपने बच्चो के साथ इस हॉलिडे ट्रिप को खूब इंजॉय करते हुए नजर आ रहे हैं।इस फोटो में सैफ एक जीप के बगल में खड़े दिखाई दे रहे





हैं, जबकि तैमूर जीप के ऊपर बैठे हुए हैं। फोटो में तैमूर काफी खुश नजर आ रहे हैं। इस फोटो में सैफदोनों बेटों के साथ जंगल सफारी इंजॉय करते दिख रहे हैं। फोटो में दोनों बच्चे जिराफको देखने में व्यस्त हैं। जबकि सैफफोटो के लिए पोज देते हुए नजर आए।

फोटो को करीना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और इस तरह एडवेंचर की हुई शुरुआत'।वहीं एक फोटो में करीना अपने छोटे बेटे जेह का हाथ थामे खुले आसमान के नीचे चलती दिख रही हैं। इस फोटो को उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा,' मेरे बेटे के साथ जंगल की ओर ।

राधिका आप्टे की मिसेज अंडरकवर इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देगी दस्तक, नया पोस्टर जारी

अपनी दमदार एक्टिंग से एक अलग ही पहचान बनाने वाली राधिका आप्टे का बॉलीवुड में एक अलग ही क्रेज नजर आता है. राधिका आप्टे का नाम फिल्म इंडस्ट्री की उन अदाकाराओं में लिया जाता है जो अपने किरदार के अंदर पूरी तरह से घुस जाने की आर्ट में माहिर है. एक्ट्रेस के फैंस उनकी फिल्मों का बहुत ही बेसब्री से वेट रहता है. फैंस के इसी इंतजार को देखते हुए राधिका आप्टे बहुत जल्द स्पाई एजेंट के रोल में धमाल मचाने




के लिए पूरी तरह से तैयार है.अनुश्री मेहता के द्वारा रिटेन और डायरेक्ट अपकमिंग मूवी मिर्सेज. अंडरकवर में राधिका आप्टे दुर्गा नाम की स्पाई एजेंट जो कि दस साल पहले ही इस काम को छोड़ चुकी है को एक बार फिर से काम पर वापस बुलाया जाएगा. आपको बता दें कि दुर्गा पूरे दस सालों तक हाउस वाइफरही है तो वो एजेंट होने के बारे में सब भूल चुकी होती हैं. इसी के बाद स्टोरी आगे बढ़ती हुई नजर आएगी. राधिका आप्टे के अलावा इस स्पाई कॉमेडी फिल्म में सुमित व्यास और राजेश शर्मा भी नजर आने वाले हैं.

बिग बॉस ओटीटी' फेम और सोशल मीडिया फेम उर्फी जावेद ने अपने नवीनतम ट्रैक 'दूरियां' और निर्माता मोहसिन खान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। अपनी अनूठी ड्रेसिंग के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरने वाली उर्फी और हाल ही में उनका गाना 'हाए हाय ये मजबूरी' 21 मिलियन से अधिक बार देखा गया, गाने का हिस्सा बनने के अपने अनुभव को साझा किया और कहा, 'दूरियां' दिल को छू लेने वाली है सबका दिल, यह एक सुंदर गीत है।

दूरियां एक खूबसूरत गाना है, जो हर किसी के दिल को छू लेगा : उर्फी जावेद

बिग बॉस ओटीटी' फेम और सोशल मीडिया फेम उर्फी जावेद ने अपने नवीनतम ट्रैक 'दूरियां' और निर्माता मोहसिन खान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। अपनी अनूठी ड्रेसिंग के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरने वाली उर्फी और हाल ही में उनका गाना 'हाए हाय ये मजबूरी' 21 मिलियन से अधिक बार देखा गया, गाने का हिस्सा बनने के अपने अनुभव को साझा किया और कहा, 'दूरियां' दिल को छू लेने वाली है सबका दिल, यह एक सुंदर गीत है।

उर्फी ने कहा, ÷मैं इस गाने का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। मुझे



उम्मीद है कि लोग इस गाने को देखते रहेंगे और हर दिन अपना प्यार बरसाते रहेंगे। जिस क्षण मैंने गाने के बारे में सुना, मुझे पता था कि मैं इसे जरूर करूंगा। मोहसिन के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा। शूटिंग तेजी से हुई।

मोहसिन गाने के निर्माता हैं। उन्होंने उर्फी के साथ काम करने के बारे में बात की, उन्होंने एक मिनट में 18 अलग-अलग भाव दिए। यह अद्भुत था। मेरी पूरी टीम उसे 'वन टेक आर्टिस्ट' कहते हैं।

उन्होंने शूटिंग के दौरान उनके प्रयासों की भी प्रशंसा की और कहा, उर्फी वर्तमान में उद्योग में



सबसे मेहनती और निडर हैं। शूटिंग के दौरान, हमें अप्रत्याशित बारिश का सामना करना पड़ा, जिसके कारण शूटिंग में कई घंटे की देरी हुई लेकिन उर्फी ने कभी भी काम करने में संकोच नहीं किया।

मोहसिन ने परियोजना का हिस्सा बनने के लिए उर्फी का आभार व्यक्त किया और कहा, वह अब भारत में सनसनी है और यह निश्चित रूप से हमारी परियोजना को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

बिना चिकन के बटर चिकन खाते हैं, धोनी काफी अजीब हैं : उथप्पा

नई दिल्ली।

दाएं हाथ के बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने महेंद्र सिंह धोनी के बारे में एक दिलचस्प तथ्य का खुलासा करते हुए कहा कि खाने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान काफी अजीब हैं। उथप्पा और धोनी एक-दूसरे को दो दशकों से जानते हैं, उथप्पा ने धोनी को करीब से देखा और साथ में बिताए समय को याद किया। उथप्पा ने जियो सिनेमा के हवाले से एक एपिसोड 'माई टाइम माई हीरो' में कहा, ÷उनकी सादगी कुछ ऐसी है जो हमेशा से रही है और यह कुछ ऐसी है जो नहीं बदली है। वह आज भी उतने ही सरल हैं जितने कि मैं उनसे पहली बार मिला था। धोनी दुनिया के सबसे सरल व्यक्ति हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाज ने 2003 में पहली बार धोनी से मिलने की कहानी साझा की।

पहली बार मैंने एमएस को 2003 में एनसीए बैंगलोर में एक भारतीय शिविर में देखा था। वह मुनाफ पटेल के खिलाफबल्लेबाजी कर रहे थे जब वह स्लिंग एक्शन के साथ तेज गेंदबाजी करते थे। अन्य तेज गेंदबाज भी गेंदबाजी कर रहे थे। एमएस बल्लेबाजी कर रहे थे और उन पर लंबे-लंबे छक्के लगा रहे थे। उन्होंने एस श्रीराम को घायल कर दिया। श्रीराम उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे और धोनी ने क्रीज के बाहर निकलकर गेंद को जोर से मारा। श्रीराम ने हाथ से छुआ और गेंद



10-20 गज पीछे चली गई। हमें लगा कि श्रीराम गेंद के पीछे दौड़ रहे हैं, लेकिन वह गेंद के पीछे भागा और सीधे ड्रेसिंग रूम में चला गया क्योंकि उसकी दो अंगुलियां टूट गई थीं। हम देखना चाहते थे कि एमएस में कितनी ताकत है और यह विस्फोटक था। उस वक्त मुझे पता था कि वह भारत के लिए खेलेगा। वह एक विशेष बल्लेबाज है। हम हमेशा साथ खाना खाते थे। हमारे पास एक समूह था: सुरेश रैना, इरफान पठान, आरपी सिंह, पीयूष चावला, मुनाफ (पटेल), एमएस और मैं। हम दाल मखनी, बटर चिकन, जीरा आलू, गोभी और रोटियां आर्डर करते थे। लेकिन जब खाने की बात आती है तो एमएस बहुत कठोर व्यक्ति होते थे। वह बटर चिकन खाते थे लेकिन चिकन के बिना, सिर्फग्रेवी के साथ! जब वह चिकन खाते थे तो रोटियां नहीं खाते थे। जब खाने की बात आती है तो वह काफी अजीब होते हैं। धोनी को एक कप्तान के रूप में भारत और सीएसके दोनों के लिए अभूतपूर्व सफलता मिली और उथप्पा ने इसका कारण बताया। उनके पास तेज प्रवृत्ति है और वह अपनी सहज प्रवृत्ति का समर्थन करते हैं। यही कारण है कि वह इतने सफल कप्तान रहे हैं। वह हर परिणाम की जिम्मेदारी लेते हैं, चाहे वह जीत हो या हार। उथप्पा ने धोनी के अन्य गुणों के बारे में भी बात की और कुछ साल पहले आईपीएल नीलामी के बाद धोनी के साथ हुई पहली बातचीत को साझा किया। एमएस बहुत खुले व्यक्ति हैं। वह सच बोलने से नहीं हिचकिचाते, भले ही इससे आपको ठेस पहुंचे। मुझे याद है कि जब नीलामी में सीएसके ने मुझे साइन किया था तो उन्होंने मुझे फोन किया और कहा, 'मुझे यकीन नहीं है कि आपको खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि सीजन अभी दूर है।

उम्मीद है फॉर्म को जारी रख सकूंगा : स्टार्क



विशाखापटनम

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में रविवार को पांच विकेट चटकाने के बाद कहा कि वह अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह इसे जारी रख सकेंगे। स्टार्क ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार लेने के बाद कहा, ÷पिछले कुछ हफ्तों से मेरी लय अच्छी है। मैं अब अच्छा महसूस कर रहा हूं, उम्मीद है कि मैं अपना यह प्रदर्शन जारी रख सकूंगा। स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया की इस जीत में आठ ओवर में 53 रन देकर पांच विकेट लिये, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा (13), शुभमन गिल (0) और केएल राहुल (09) का विकेट शामिल रहा। भारतीय सरज़मीन पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए स्टार्क की यह फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के लिये अच्छी खबर है। विश्व कप से पहले भारत में इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन भी होना है, हालांकि स्टार्क इस साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। स्टार्क ने कहा, मैं अन्य गेंदबाजों से थोड़ा ज्यादा आक्रामक होने की कोशिश करता हूं, अपना टप्पा थोड़ा आगे रखता हूं। इससे मैं कई बार थोड़ा महंगा साबित हो सकता हूं।



हरफनमौला से पहले तेज गेंदबाज बनना चाहते थे रवीन्द्र जडेजा

मुंबई।

भारत के अनुभवी हरफनमौला रवींद्र जडेजा ने खुलासा किया है कि वह अपने शुरुआती दिनों में ऑलराउंडर नहीं बल्कि तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। जडेजा ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'स्टार्स ऑन स्टार' पर कहा, ÷जब मैंने बहुत पहले क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तो मैं तेज गेंदबाज बनना चाहता था। मुझे दूसरे तेज गेंदबाजों को बाउंसर फेंकते देखना अच्छा लगता था।

उन्हें देखकर मैं भी सोचता था कि मैं भी बल्लेबाजों को बाउंसर फेंकूंगा, लेकिन मेरे पास उतनी रफ्तार नहीं थी। स्टार स्पोर्ट्स ने 31 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर बढ़ते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। स्टार के पास आईपीएल के टीवी प्रसारण अधिकार हैं, जबकि डिजिटल माध्यम से इस टूर्नामेंट का प्रसारण जियो द्वारा किया जायेगा। आईपीएल के इस सीजन की शुरुआत गुजरात टाइटन्स और चेन्नई के बीच मुकाबले से होगी। जडेजा बीते कुछ वर्षों से चेन्नई के महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं और इस लीग ने उनके खेल में सुधार करने में अहम भूमिका निभाई है। जडेजा ने अपना खेल निखारने का श्रेय चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भी दिया। उन्होंने कहा, मैंने माही भाई को यह बताया कि मेरी क्रिकेट यात्रा जामनगर में मेरे कोच महेंद्र सिंह चौहान और चेन्नई सुपर किंग्स में मेरे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बीच रही है। मेरी क्रिकेट यात्रा इन दो महेंद्र के बीच ही रही है।

पैदलचाल : विकास, परमजीत ने ओलंपिक 2024 में जगह बनायी

नोमी (जापान)।

भारत के 20 किलोमीटर पैदल चालक विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 और विश्व चैंपियनशिप 2023 के लिये क्वालीफाई कर लिया। विकास (एक घंटा, 20 मिनट, पांच सेकंड) और परमजीत (एक घंटा 20 मिनट, आठ सेकंड) ने 20 किलोमीटर पैदलचाल की ओपन श्रेणी के पुरुष वर्ग में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि चीन के क्यान हैफेंग (एक घंटा, 19 मिनट, नौ सेकंड) पहले स्थान पर रहे। गौरतलब है कि पेरिस



ओलंपिक और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिये अधिकतम समय सीमा एक घंटा 20 मिनट 10 सेकंड है। इससे पूर्व, पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर पेरिस ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिये क्वालीफाई कर चुके अक्षदीप सिंह ने एक घंटे, 20 मिनट और 57 सेकंड में रेस पूरी करके पुरुषों के औपचारिक वर्ग में स्वर्ण जीता। अक्षदीप की तरह ही राष्ट्रीय चैंपियनशिप के जरिये ओलंपिक और विश्वव चैंपियनशिप में पहुंचने वाली प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं के औपचारिक वर्ग में एक घंटे, 32 मिनट, 27 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता नियमों के अनुसार, एक देश औपचारिक वर्ग में दो एथलीट भेजने के अलावा अनुभव हासिल करने के लिये ओपन वर्ग में भी एथलीट भेज सकता है, हालांकि उनके प्रदर्शन को औपचारिक नहीं माना जायेगा।

आडवाणी, दमानी और श्रीकृष्णा 100 अप फॉर्मेट के सेमीफाइनल में

दोहा।

भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी, बृजेश दमानी और श्रीकृष्णा सूर्यनारायण ने एशियन बिलियर्डस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। आडवाणी ने थाईलैंड के प्रापुत चैथानासुकान को 100 अप फॉर्मेट में हराया। विश्व, एशियाई और राष्ट्रीय बिलियर्डस तथा स्नूकर के कई खिताबों के विजेता ने अंतिम आठ मुकाबले में प्रापुत को 5-1 से हराया। सेमीफाइनल में आडवाणी का मुकाबला म्यांमार के पौक सा से होगा जिन्होंने भारत के रुपेश शाह को 5-2 से हराया। भारत के एक खिलाड़ी का फाइनल में पहुंचना सुनिश्चित है क्योंकि दूसरे



सेमीफाइनल में दमानी और श्रीकृष्णा भिड़ेंगे। दमानी ने हमवतन ध्रुव सितवाला को 5-4 से हराया जबकि श्रीकृष्णा ने सौरव कोठरी को 5-3 से पराजित किया।

दीक्षा संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शनिवार को यहां अरामको टीम सीरीज सिंगापुर में अंतिम दौर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। दीक्षा टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय थीं, उन्होंने दो बर्डी लगायी लेकिन तीन बोगी और दो डबल बोगी कर बैठी। इससे उन्होंने पांच ओवर 77 का कार्ड खेला। वह बीती रात संयुक्त 29वें स्थान पर थीं, लेकिन खराब कार्ड से संयुक्त 53वें स्थान पर खिसक गयीं। इससे पहले टीम स्पर्धा में दीक्षा की टीम 19वें स्थान पर रही।

व्यापार

5 लाख फूड डिलीवरी ब्वॉय को कानूनी दर्जा मिलना चाहिए

चेन्नई।

विशेषज्ञों का कहना है कि फूड डिलीवरी करने वाले श्रमिक हैं और उन्हें संगठित नेटवर्क के तहत लाया जाना चाहिए। विशेषज्ञों ने कहा कि एग्रीगेटर कंपनियों को जल्द ही कानूनी खामियों को खोजने से बचना चाहिए और डिलीवरी करने वालों को संगठित नेटवर्क के तहत लाना चाहिए।

एक मानव संसाधन (एचआर) कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, भारत में लगभग पांच लाख फूड डिलीवरी ब्वॉय हैं। सड़क पर प्रत्येक दो व्यक्तियों के लिए, बैकएंड पर व्यक्तियों की समान संख्या होती है। जबकि बैकएंड स्टाफकी आपूर्ति स्टाफिंग कंपनियों द्वारा की जाती है, डिलीवरी व्यक्तियों को खाद्य वितरण कंपनियों द्वारा 'भागीदार' माना जाता है।

अधिकारी के मुताबिक, कंपनियां हर 20 फूड डिलीवरी करने वालों के लिए एक कंपनी बनाती हैं और उन कंपनियों को भुगतान किया जाता है। फूड डिलीवरी करने वाले व्यक्ति अपने भुगतान उन विशेष प्रयोजन वाहनों/एसपीवी से प्राप्त करते हैं जो किए गए वितरण के अनुसार होते हैं।

श्रम मामलों के विशेषज्ञ और वरिष्ठ अधिवक्ता वी प्रकाश ने कहा कि ऐसी अन्य शर्तें भी हैं जिनका पालन फूड डिलीवरी करने वालों को करना पड़ता है- जैसे कि काम के दौरान कंपनी द्वारा प्रदान की गई टी-शर्ट पहनना, निर्धारित समय के भीतर डिलीवरी करना, किसी भी विफलता के लिए नेटवर्क से निकाले जाने के जोखिम का सामना करना, कंपनी और अन्य द्वारा भुगतान प्राप्त करना। उन्होंने आगे कहा, अगर कंपनियों द्वारा एसपीवी का गठन किया जाता है तो इसके पीछे का असली चेहरा देखने के लिए कॉरपोरेट पर्दा हटाना होगा। अगर एक फूड डिलीवरी व्यक्ति एक दिन के लिए अपना फोन बंद कर देता है, तो उसे निलंबित किए जाने का खतरा है।

एचआर कंपनी के अधिकारी ने कहा, फूड डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों या उद्यमियों-श्रमिकों को किसी कानून के तहत लाना होगा ताकि उनके हितों की रक्षा की जा सके और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा सके। कई डिलीवरी कर्मी दिन में 12 घंटे काम करने के बाद थक जाते हैं।

क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण करेगी यूबीएस : स्विस सरकार

जिनेवा।

स्विस संघीय सरकार ने घोषणा की है कि क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण स्विस बैंकिंग दिग्गज यूबीएस द्वारा किया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सरकार के हवाले से कहा कि शुक्रवार को नकदी की निकासी और बाजार में उतार-चढ़ाव से पता चलता है कि विश्वास को बहाल करना अब संभव नहीं है और एक तेज व स्थिर समाधान नितांत आवश्यक है। सरकार ने रविवार को कहा, इस कठिन परिस्थिति में, यूबीएस द्वारा क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण वित्तीय बाजारों में हाल ही में कमी वाले विश्वास को बहाल करने और हमारे देश और इसके नागरिकों के लिए जोखिम का सर्वोत्तम प्रबंधन करने के लिए सबसे अच्छा समाधान है।

ऑल-शेयर लेनदेन की शर्तों के तहत, क्रेडिट सुइस शेयरधारकों को प्रत्येक 22.48 क्रेडिट सुइस शेयरों के लिए 1 यूबीएस शेयर प्राप्त होगा, जो 3 बिलियन स्विस फ्रैंक के कुल प्रतिफल



के लिए सीएचएफ 0.76 / शेयर के बराबर होगा। यह बात यूबीएस ने रविवार को एक बयान में कही। बयान में कहा गया है कि इस संयोजन से 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का व्यवसाय होने की उम्मीद है। स्विस सेंट्रल बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा, स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) क्रेडिट सुइस के यूबीएस के अधिग्रहण का समर्थन करने के लिए पर्याप्त तरलता सहायता प्रदान करेगा। बयान में कहा गया है कि यह अधिग्रहण स्विस संघीय सरकार, स्विस वित्तीय बाजार पर्यवेक्षी प्राधिकरण फिनमा और एसएनबी के समर्थन से संभव हुआ है। बयान में कहा गया है कि यूबीएस द्वारा क्रेडिट सुइस के अधिग्रहण के साथ, वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करने और इस असाधारण स्थिति में स्विस अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए एक समाधान है।

राज सुब्रमण्यम के नेतृत्व में फेडएक्स ने किया कमाल : रिपोर्ट

नई दिल्ली।

भारतीय मूल के सीईओ राज सुब्रमण्यम के नेतृत्व में फेडएक्स कॉर्प के शेयरों ने तीसरी तिमाही में वॉल स्ट्रीट के आय अनुमान को पछाड़ते हुए नौ महीने में सबसे अधिक छलांग लगाई। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने अपने प्रॉफिट आउटलुक को बढ़ावा देने के बाद, लागत में कटौती के प्रयासों को पैकेज वॉल्यूम में गिरावट का मुकाबला करने में मदद की है। यह कहते हुए कि उसका तीसरी तिमाही का मुनाफा वॉल स्ट्रीट की उम्मीदों से ऊपर है, फेडएक्स ने खुलासा किया कि इस वित्तीय वर्ष में समायोजित आय 14.60 डॉलर से 15.20 डॉलर प्रति शेयर होगी। ब्लूमबर्ग द्वारा संकलित अनुमानों के अनुसार, विश्लेषक औसतन 13.57 डॉलर की उम्मीद कर रहे थे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी राज सुब्रमण्यम ने एक बयान में कहा, हमने दक्षता में सुधार के लिए तत्परता से आगे बढ़ना जारी रखा है और हमारी लागत संबंधी कार्रवाई में



सुधार हो रहा है। मेम्फिस, टेनेसी स्थित कंपनी के शेयर न्यूयॉर्क में शुक्रवार सुबह 9:30 बजे 11 प्रतिशत चढ़े और इस साल स्टॉक 18 प्रतिशत चढ़ गया, जो एस एंड पी 500 इंडेक्स की वृद्धि से काफी आगे था। सुब्रमण्यम ने पिछले महीने कहा था कि कंपनी ने जून 2022 से अपने यूएस हेडकाउंट में लगभग 12,000 पदों की कमी की है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी ने साल दर साल कुल उद्यम लागत पर 1.2 बिलियन डॉलर की बचत की। 93 बिलियन के वार्षिक राजस्व वाली कंपनी की लागत-बचत योजनाओं में उड़ानों और ग्राउंडिंग विमानों को काटना, कार्यालय की जगह को कम करना और पिक-अप और डिलीवरी में ग्राउंड यूनिट में समायोजन करना शामिल है।

आरबीआई ने बैंकों को चेताया, संपत्ति-देनदारी में न हो कोई गड़बड़ी

नई दिल्ली। अमेरिका में जारी बैंकिंग संकट के बीच अब आरबीआई की तरफ से बड़ा बयान सामने आया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों को आगाह किया कि संपत्ति और देनदारी में किसी तरह की असमानता या गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन दोनों में गड़बड़ी वित्तीय स्थिरता के लिए नुकसानदेह हैं। बता दें कि अमेरिक में जारी बैंकिंग संकट के बीच आरबीआई गवर्नर का यह बयान महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि हमें डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि हमारा विदेशी ऋण प्रबंधनीय है और इसलिए ग्रीनबैक की वृद्धि हमारे लिए कोई समस्या पैदा नहीं करती है। वहीं कोच्चि में फेडरल बैंक के संस्थापक केपी होर्मिस के स्मारक व्याख्यान में गवर्नर ने आश्वासन दिया कि घरेलू वित्तीय क्षेत्र स्थिर है और मुद्रास्फीति का सबसे बुरा दौर पीछे छूट गया है।

लखनऊ के पास मेगा टेक्सटाइल पार्क किया जाएगा स्थापित

लखनऊ,

लखनऊ जिले की मलिहाबाद तहसील के अंतर्गत अटारी गांव में जल्द ही 1,161 एकड़ जमीन पर एक मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार, प्रस्तावित परियोजना को संत कबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क के नाम से जाना जाएगा। अधिकारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य इसे राज्य के 15 जिलों के लिए कपड़ा व्यवसाय और अन्य गतिविधियों का केंद्र बनाना है। पार्क मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना से आसानी से जुड़ने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के



पास स्थित होगा। लखनऊ में चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से इसकी निकटता के साथ-साथ लखनऊ-हरदोई राजमार्ग के साथ कनेक्टिविटी का भी फायदा होगा। पार्क में चिकनकारी, लखनऊ की जरी जरदोजी के काम, हरदोई और बाराबंकी के हैंडलूम के काम, सीतापुर के कालीन, आजमगढ़, गोरखपुर और रामपुर जिले के विशेष काम की इकाइयां स्थित होंगी।

अधिकारी ने कहा कि मऊ, वाराणसी और गौतम बुद्ध नगर के रेशम, हथकरघा और कपड़ा समूह भी परिसर में स्थित होंगे। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही मेगा टेक्सटाइल पार्क में पानी की उपलब्धता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आकलन पूरा कर लिया है।

1 लाख लोगों के रोजगार पर संकट, दुनिया के इस बैंक ने खुद को घोषित किया दिवालिया

नई दिल्ली।

सिलिकॉन वैली बैंक ने आधिकारिक तौर पर खुद के दिवालियापन की घोषणा कर दी है। बैंक ने चैप्टर 11 बैंकरप्सी प्रोटेक्शन के लिए फाइल किया है। एक अनुमान के मुताबिक बैंक के दिवालिया होने से 1 लाख से ज्यादा लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। 10 हजार से ज्यादा स्टार्टअप्स पर इसका सीधा असर हो सकता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिकी करदाता असफल बैंक से हुए नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इससे पहले यूएस प्रशासन ने एक बड़ी घोषणा की। दिवालिया हुए बैंक में जमाकर्ताओं के बचाव के लिए अमेरिकी करदाता पर कोई अंकुश नहीं होगा।

सिलिकॉन वैली बैंक की मूल कंपनी फ़ाइनेंशियल ग्रुप ने अमेरिकी कानून के अध्याय 11 के तहत दिवाला संरक्षण के लिए आवेदन किया है। गौरतलब है कि अमेरिका ने पिछले सप्ताह एसवीबी को बंद कर दिया था।

संस्कारधानी के सभी घरों में पहुँचेगा नर्मदा जल : महापौर

मेयर इन काउंसिल की बैठक में आज हुआ ऐतिहासिक निर्णय : महापौर

280 करोड़ रूपये की पेयजल योजना स्वीकृत कर महापौर ने शहर के समस्त नागरिकों को दी बड़ी सौगात

गंदे पानी की सप्लाई से लेकर लीकेज को भी चिन्हित करने एवं टंकी भरने की प्रक्रिया के लिए लगाई जायेगी ऑटोमेशन यंत्र

सिविक सेन्टर उद्यान अब भारत माता उद्यान के नाम से जाना जायेगा, उद्यान परिसर में भारत माता मंदिर की भी स्थापना होगी - महापौर



जबलपुर/नगर प्रतिनिधि। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक अपरान्ह 04:00 बजे से आयोजित की गई, जिसमें शहर के नागरिकों के लिए ऐतिहासिक निर्णय करते हुए 280 करोड़ रूपये के पेयजल योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना के संबंध में महापौर अन्नू ने बताया कि अमृत फेस-2 के अंतर्गत 280 करोड़ रूपये के कार्य कराये जायेगें, जिसमें नई 18 उच्चस्तरीय पानी टंकियों का निर्माण, पाइप लाइन का व्यापक विस्तारीकरण, गंदे पानी की सप्लाई रोकने के साथ-साथ लीकेज का पता लगाने तथा उसका तत्काल सुधार कराने के लिए अत्याधुनिक ऑटोमेशन यंत्र लगाने के साथ-साथ अन्य आवश्यक कार्य किये जायेगें। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने यह भी बताया कि संस्कारधानी के समस्त घरों में 2 सालों के अंदर नर्मदा जल पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि जिन घरों में अभी पेयजल की सप्लाई कम हो रही है उन घरों में भरपूर स्वच्छ पानी की सप्लाई होगी।

महापौर अन्नू ने मेयर इन काउंसिल की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पेयजल योजना की बड़ी सौगात को मंजूरी देने के साथ-साथ सिविक सेन्टर उद्यान का नाम भारत माता के नाम से नामकरण करने तथा भारत माता मंदिर की स्थापना करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किये गए।

उन्होंने कहा कि सिविक सेन्टर उद्यान के नामकरण के अलावा सामाजिक समरस्ता का विस्तारीकरण करते हुए तथा जनभावनाओं की मंशानुसार म.प्र. पर्यटन कार्यालय के सामने चौराहे का नाम भगवान चित्रगुप्त चौराहा नामकरण एवं भगवान चित्रगुप्त मार्ग, अधारताल स्थित हनुमान मंदिर के सामने तिराहा का नाम संत शिरोमणि सेन महाराज के नाम, संस्कारधानी का हृदय जवाहरगंज वार्ड में मछरहाई का नाम संत 108 सुधा सागर मार्ग, झंडा चौक ग्वारीघाट का नामकरण सम्राट अशोक के नाम एवं दक्षिण सिविल लाइन्स स्थित सांई बाबा मंदिर चौराहे का नाम सांई चौक के नाम से नामकरण करने की मंजूरी देकर सदन की ओर अग्रेषित किया गया है। आज मेयर इन काउंसिल की बैठक में अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को भी राहत प्रदान करते हुए शासन निर्देशानुसार 9 प्रतिशत मंहगाई भत्ता संबंधी प्राप्त प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य सर्व शेखर सोनी, एकता गुप्ता, हेमलता सिंह सिंगरौल, अमरीश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नवी, गुलाम हुसैन, मनीष पटैल, दिनेश तामसेतवार, एवं लक्ष्मी गोटिया, निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े, अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी, एवं विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

स्वच्छता का सन्देश देने मैदान में उतरी संभाग क्रमांक 9, 10, 11 एवं 12 तक की टीमें



जबलपुर/नगर प्रतिनिधि। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ग्रांउड में नगर निगम द्वारा स्वच्छता कप टेनिस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। आज स्वच्छता का संदेश देने दो मैच खेले गए। पहला मैच स्वछता कप 2023 मे आज दोपहर 2 बजे खेला गया, जहाँ संभाग क्रमांक 9 लाल माटी व संभाग क्रमांक 10 रांझी के मध्य खेला गया। जहाँ रांझी द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाड़ी करते हुए निर्धारित 10 ओवरो मे 6 विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाये गए, जिसमे सर्वाधिक आशु द्वारा 69 रन तथा ऋषि द्वारा 21 रन बनाये गए, वही जवाब मे उतरी लाल माटी की टीम द्वारा 6 विकेट के नुकसान पर 77 रन ही बना पाई, जिस पर गौरव प्रजापति द्वारा 2 विकेट लिए गये, इस प्रकार रांझी द्वारा यह मैच 42 रनो से जीता गया मैन ऑफ द मैच आशु रहे।

इसी प्रकार दूसरे मैच में संभाग क्रमांक 11 गोकुल दास धर्म शाला व संभाग 12 घंटाघर के बीच खेला गया जहाँ संभाग 11 ने पहले बल्ले बाड़ी करते हुए, निर्धारित ओवरो मे 5 विकेट के नुकसान पर 119 रन बनाये गये स जिसमे संभाग घंटाघर की तरफ से निजामुद्दीन ने 3 विकेट लिए, जबाब मे संभाग 12 घंटाघर ने 8 ओवर मे 4 विकेट के नुकसान पर 120 रन बना कर मैच जीत लिया मैन ऑफ द मैच आकाश बने। इस मौके पर सहायक आयुक्त संभव अयाची एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता एवं शहरी आजीविका मिशन के कार्यों की सयुक्त प्रशिक्षण एवं लर्निंग कार्यक्रम हेतु एन.यू.एल.एम. के के अंतर्गत ए.एल.एफ. की मेम्बर्स अहमदाबाद रवाना

सहायक आयुक्त अंकिता जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जबलपुर/नगर प्रतिनिधि। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत केंद्र शासन के निर्देशानुसार अन्तरराज्यीय पीयर लर्निंग के तहत् शहरी आजीविका मिशन की एरिया लेवल फेडरेशन स्व-सहायता समूह की महिलाओं का अहमदाबाद (गुजरात) में स्वच्छता एवं शहरी आजीविका मिशन के कार्यों की सयुक्त प्रशिक्षण एवं लर्निंग कार्यक्रम हेतु जबलपुर नगर निगम से एन.यू.एल.एम योजना के सहायक आयुक्त अंकिता जैन के मार्गदर्शन में ए.एल.एफ. की मेम्बर रंजीता वैद्य, एवं संगीता विश्वकर्मा आज स्वच्छता दूत के रूप में स्वच्छता यात्रा के लिए रवाना हुए। जिसे सहायक आयुक्त अंकिता जैन के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, सिटी मिशन मैनेजर चंदन प्रजापति भी उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

फैक्ट्री में काम करते-करते दोनों को हुआ था प्यार, शादी न करने पर युवती पहुंची थाने



जबलपुर/नगर प्रतिनिधि। जबलपुर में एक युवती और एक युवक को फैक्ट्री में काम करने के दौरान प्रेम हो गया। दोनों के बीच 2 महीने तक लव स्टोरी चलती रही और 24 वर्षीय युवक 19 वर्षीय युवती से शादी की बात लगातार करने लगा। जैसे तैसे युवती शादी करने के लिए तैयार हुई। वहीं इस 2 महीने के दौरान शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के साथ कई बार रेप किया।

अंत में जब युवती ने शादी करने की जिद की। तब युवक मुकर गया। जिसके बाद युवती ने अधारताल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। युवती की शिकायत के बाद युवक घर से फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

एसआई महिमा रघुवंशी के मुताबिक महाराजपुर निवासी 19 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। युवती रांझी के रिछाई फैक्ट्री में काम करती थी। उसी फैक्ट्री में देवरी निवासी 24 वर्षीय दीपक पटेल भी काम करता था। जिससे मुलाकात फैक्ट्री में हुई थी। दोनों के बीच 2 महीने से बातचीत चल रही थी। बाद में बातचीत प्यार में तब्दील हो गई। जिसके बाद युवक ने पीड़ति को शादी का झांसा दिया और कई बार पीड़ति के साथ दुष्कर्म किया।

पीड़ति की शिकायत के बाद युवक फरार

जब पीड़ति ने युवक से शादी करने की बात कही। तब युवक अंत में मुकर गया। जिसके बाद पीड़ति ने अधारताल थाने में जीरो शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं युवक के घर दबिश दी गई थी। लेकिन युवक फरार है। पुलिस का कहना हैं जल्द ही युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

छात्रसंघ के किया श्रीराम कॉलेज का घेराव, महाविद्यालय प्रबंधन को दी सख्त चेतावनी



जबलपुर/नगर प्रतिनिधि। मध्यप्रदेश छात्र संघ के द्वारा आज सोमवार 20 मार्च को श्रीराम कॉलेज प्रबंधन का जमकर विरोध करते हुए निर्धारित फीस 12000/- वार्षिक के स्थान पर अवैध रूप से 2000 रुपये वार्षिक तथा एल ।एल ।बी ।, इंजीनियरिंग, एम ।बी ।ए ।, फार्मेसी के छात्रों से निर्धारित फीस से अतिरिक्त फीस अवैध रूप से वसूली जा रही है। यू ।जी ।सी ।, ए ।आई ।सी ।टी ।ई ।, नैक, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग के ह्रश्वह्रद्धह्य के विरीत 10 कॉलेज के बीच में एक ही खेल परिसर, एक ही स्पोर्ट्स टीचर व एक ही केन्टीन है जो नियम विरूद्ध है, इसके अतिरिक्त बॉयज एवं गर्ल्स कॉमन रूम तथा न ही किसी कोलेगे की सेपरेट वेबसाइट है । प्रवेश के दौरान छात्रों को बताया गया था कि संस्था में एयरकूलड क्लासें हैं, लेकिन सभी ए ।सी । बन्द हैं। ज्ञापन सौंपते समय संघ के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, अमन तिवारी, नमन विश्वकर्मा, इसप्रीत सिंह, जतिन कनौजिया, नीरज शर्मा, राज सिंह, आदित्य चौरसिया, सचिन केवट, आकाश खरे, धीरज शर्मा, राजवीर झारिया, वरूण महंत, अयान अली, शिवांशु अवस्थी, अंकित प्यासी, अथर्व गुप्ता, ब्रज यादव, अक्षण खानवलकर, आदित्य पाण्डेय, कृष्णा तिवारी, नमन केशरवानी आदि सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। संघ ने महाविद्यालय प्रशासन को सख्त चेतावनी दी है कि संस्था द्वारा छात्रों का शोषण करना अविलम्ब बंद किया जाये व अन्य मांगों को शीघ्र पूर्ण किया जावे, अन्यथा संघ उग्र आन्दोलन करने बाध्य होना जिस हेतु महाविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार होगा।

उर्वरक प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण



जबलपुर/नगर प्रतिनिधि। राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशों के परिपालन में आज सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने शहपुरा विकास खंड के उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर स्टाक का भौतिक सत्यापन किया।

निरीक्षण के दौरान वेदांत ट्रेडिंग कंपनी शहपुरा के भौतिक सत्यापन में 38.5 मैट्रिक टन यूरिया का अंतर पाए जाने पर इस प्रतिष?ठान से उर्वरक विक्रय प्रतिबंधित करते हुए उप संचालक कृषि को उर्वरक लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

इसी प्रकार सतीश ट्रेडिंग कंपनी शहपुरा, अमित ट्रेडर्स एवं चौकसे कृषि केंद्र बेलखेड़ा, जय किसान कृषि केंद्र चरंगवा तथा अभिषेक कृषि सेवा मनखेड़ी के निरीक्षण में कमियां पाये जाने पर इन?हें कारण बताओ नोटिस जारी करे गए। निरीक्षण के दौरान उर्वरक निरीक्षण पंकज श्रीवास?तव एवं ग्रामीण कृषि विस?तार अधिकारी एन.के. गुप?ता भी मौजूद रहे।

थाना पाटन अन्तर्गत हुई अंधी हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, टपरिया में सो रही पत्नि के साथ छेडछाड को लेकर की थी हत्या

सिद्धार्थ बहुगुणा ने घटना स्थल पहुंचकर, घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आरोपी की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी के सम्बंध में दिये थे आवश्यक



जबलपुर/नगर प्रतिनिधि। थाना पाटन में दिनांक 27-2-23 की सुवह पाटन तिलगवां रोड किनारे अग्रवाल राईस मिल के पीछे नन्दू पटैल के खेत में एक युवक का शव प? होने की सूचना पर थाना पाटन प्रभारी उप निरीक्षक रवि उपाध्याय हमराह स्टाफ को लेकर पहुंचे जहॉ अनुज कुमार पटैल उम्र 44 वर्ष निवासी साधुपुर टोला थाना उदाकिशुनगंज जिला मधेपुरा बिहार वर्तमान पता राहुल अग्रवाल की राईस मिल तिलगवां पाटन ने बताया था कि वह लगभग 1 वर्ष से पाटन में राहुल अग्रवाल की राईस मिल में ठेकेदारी का काम कर रहा है उक्त मिल में बिहार के लगभग 85 मजदूर उसके अण्डर में काम करते हैं जो सभी मिल में ही रहते हैं जिनका लेखा जोखा वह देखता है उसके गांव का राजेश ऋषिदेव लगभग 1 महीने से उसके अण्डर में ही राहुल अग्रवाल की मिल में काम कर रहा था। कल राजेश काम पर नहीं आया था उसने दिनांक 26-2-23 की शाम लगभग 5 बजे राजेश को मिल के अंदर अन्य मजदूरों के साथ चाय पीते देखा था फिर रात लगभग 10-30 बजे जब उसने मजदूरों से काम बंद कराके सभी मजदूरों की गिनती की तो राजेश गिनती में नहीं था, उसने राजेश के मोबाइल पर कॉल किया तो फोन बंद था उसे लगा कि राजेश होली में घर चला गया होगा । सुवह लगभग 7 बजे वह अपने कमरे में था तभी उसके अण्डर में काम करने वाले मजदूर बुद्धन ने आकर बताया कि मिल के पीछे नंदू पटैल के खेत में पाटन तिलगंवा रोड किनारे राजेश की लाश प?ी है जिसके शरीर से खून बह रहा है, तुरंत वह अपने साथ काम करने वाले राजेश के भाई चौरस ऋषिदेव, चाचा इतवारी ऋषिदेव एवं अन्य लोगों के साथ वहां जाकर देखा तो राजेश के सिर गले, सीने में चोट के निशान थे जिससे खून निकल रहा था किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार नुकीले हथियार एवं ठोस वस्तु से चोट पहुँचाकर राजेश ऋषिदेव उम्र 25 वर्ष निवासी साधुपुर थाना उदाकिशुनगंज जिला मधेपुरा बिहार की हत्या कर दी है।

घटित हुई घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, सूचना पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) के निर्देश पर एस.डी.ओ.पी. पाटन सारिका पाण्डे, एवं एफएसएल डॉ. नीता जैन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों एवं एफ.एस.एल. टीम की उपस्थति में घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुये पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) स्वयं घटना स्थल पहुंचे एवं घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुये मौके पर उपस्थित अधिकारियों को अज्ञात आरोपी की पतासाजी के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देर्शित करते हुये आरोपी की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया।

आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा तथा एसडीओपी पाटन सारिका पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना पाटन प्रभारी उप निरीक्षक रवि उपाध्याय के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच एवं थाना स्टाफ की टीम गठित कर लगायी गयी। गठित टीम के द्वारा राहुल अग्रवाल की राईस मिल मे काम करने वाले बिहार के मजदूरों से पूछताछ की गयी इसके साथ ही आसपास एवं राईस मिल में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला गया, जिसमें पाया गया कि मृतक राजेश ऋषिदेव दिनॉक 26-2-23 को दोपहर लगभग 3 बजे राईस मिल से काम से छुट्टी लेकर निकला था, जो पाटन क्षेत्र में घूमता हुआ एवं शाम के समय सीसीटीव्ही कैमरे में राईस मिल तरफ रात लगभग 9 बजे एक व्यक्ति के साथ पैदल बातचीत करते हुये जाते देखा गया। सीसीटीव्ही कैमरे में मृतक के साथ बातचीत कर रहे व्यक्ति के सम्बंध में पतासाजी की जा रही थी, दौरान पतासाजी के थाना प्रभारी पाटन आर एस उपाध्याय को विश्वसनीय मुखबिर से मृतक के साथ बातचीत करते हुए पैदल जा रहे व्यक्ति का नाम राजू उर्फ राजेन्द्र ठाकुर नाम ज्ञात हुआ, जो कि घटना स्थल से लगभग 200 मीटर दूर राईस मिल के पीछे खेत में बनी टपरिया में रहता था।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक डॉ. प्रकाश शर्मा द्वारा हितकारणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर से मुद्रित कर 1101 नेपियर टाउन जबलपुर मप्र से प्रकाशित प्रधान संपादक डॉ. प्रकाश शर्मा, प्रबंध संपादक- शिव यादव *, न्यायालयीन क्षेत्राधिकारी जबलपुर आरएनआई MPBIL 2000/04271 email-sctimes.in@ gmail.com whatsApp +919826330055 , फोन नं. 0761-4700600 (* पीआरबी एक्ट के तहत के लिए समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)